सीता है सतवती नार, सदा गुण गावना रे । तस्य शील तणे परताप, फली मन भावना रे ॥ टेर ॥ लंका जीतीने रघुनाथ । लेकर सीताजीको साथ । हनुमत, सुग्रीव, लच्मण भ्रात । आये अयोध्या के माय; हुवा रंग वधावनारे ॥ १ ॥ एक दिन सीता सेज मुझार । रैन में सुपना लिया उदार । युग अष्टापद अति सुखकार । जागत प्रेम मगन हो, गजपति पिउपै आवना रे ॥ २ ॥ विनय सहित जोडे दोऊ पाणी । सुपना दर्शाया मृदुवाणी । कहे श्रीरामचंद्र हित आणी । पुत्र दो होसी सुंदर थारे, वंशवधावना रे ॥ ३ ॥ आई मनहर ऋतू वसंत । वन में तरुवर रम्य फलंत । कोकिल मोर सुशब्द करत । खेलन फाग बागमें नवरंग, होज भरावनारे ॥४॥ काली घटा चढी अति भारी । फुआरा छुटरया सुखकारी, हिल मिल खेलत है नरनारी । तिण अवसर सीताका दाहिन, नयन चलावना रे ॥ ५ ॥ सियाकी कंपन लागी काया । हा ! फिर कैसा संकट आया । छाती भरी नयन जल छाया । पहले क्या थोडा दुख सहन, किया वनवासनारे ॥ ६ ॥

रघुपति जीतक्य धैर्य बधाय । हे प्रिय प्यारी मत मुरझावे । निमम धरम से दुख बिरलावे । होगा वैसा होवनहार, करम फल पावनारे ॥ ७ ॥ रज निष्कलन श्रीरघुराय । सीताका अति मान बढ़ाया । घर घर यश कीर्तन फैलाया । जनककुमारी सति पति भक्ति रूप मनावनारे ॥ ८ ॥ महिमा सीताजी की वस । सोकों भारमा अधिको दस । जाहिर होगई सीता एक । ऐसी करके कोई तमशीज, मान उतारनारे ॥ ९ ॥ सांपन सूसी शस्तर घाव । तीक्ष्ण दावानल को ताव । तासे अधिको सोक स्वभाव । प्रीति जोड़ फजीती करके फिर टन जावनारे ॥ १० ॥ कैसा पत्थर का पांव । सीता लिख दिया सरल स्वभाव । लागो सोकांको अब दाव । हास्यो भंश नगरमें घर घर, बात उडावनारे ॥ ११ ॥ रघुवरजी को चरणा दिखाया । सीता का यह कर्म बताया । प्रति दिन पूरे कलंक लगाया । पगगाह भांति रामक चित सः प्रेम हटावनारे ॥ १२ ॥ पुरमें बसे सात अधिकारी । प्रभु पै चल आय तियवारी । मुख नहिं निकसे बात लगारी । घर घर घूमन लागा रामजभी, बतलावनारे ॥१३॥ कहो किस कारण आये भाइ । कैसा हाल नगर क माही । निमय हाके दा दरयाई । क्या तुमें दरद लागा दुखदाई क्यों कपावनार ॥ १४ ॥ कहें तो क्या समझेंगे आप । नहिं कहें स्वामी द्रोहका पाप । दुई मह जैसे छछुंदरि सांप । सीता माताका अपवाद सुणो चित लावनारे ॥ १५ ॥ दो कर जोड़ अधोमुख हाकर । भाखी बात चली सो घर घर ।

क्यों नहीं खाव मिले फल सुन्दर । मधुकर विन लीधे किम रहत, फूल की वासना रे ॥ १६ ॥ पखणी देख पखी पडे जैसे ! लपट नरने नारी ऐसे । जो मिले भोगे विन रहे कैसे । सीता रावण के घर रहकर; किम वच आवनारे ॥ १७ ॥ रावण मोह्यो सीता जोई । लेगयो तिणवेला नहीं कोई । मारग में थे पिण वे दोई । जाणे कौन हुई क्या वात, लोक सभावनारे ॥ १८ ॥ सीता अपयश भाजन पूर । तो पिण रखली राम हुजूर । राग रत्तामें अवगुण दूर । मोटा वासण जो अवढाय, छोत नहीं जानना रे ॥ १९ ॥ निंदा कररहेलोक अनेक । सुणता पडे श्रवण में छेक। सीता हुई के ना हुई एक । हिरदे सोच विवेक विचार, कुयश मिटावनारे ॥ २० ॥ सनातन सूर्यवंश वडेभाग । आज तक लगा न कोई दाग । कीरती फैल रही अथाग । क्यों हुवे इण कुल में यह कर्म, प्रभु पत राखनारे ॥ २१ ॥ ऐसी सुण पुरजन की वाण । लागा रोम रोम में वाण । अव किम करुं होय घर हाण । जो रहे ढग उधरका विगडे, लौकिक लाजनारे ॥ २२ ॥ रामजी निशी शहर में जावे । सीता अपयश अति सुण पावे । अयोध्या सारी शोर मचावे । पूरण परचा रजक मुख, सुणकर आवनारे ॥ २३ ॥ कोपातुर होय राम कहे खास । दूंगा सीताको वनवास । सुण के लक्ष्मण करे अरदास । नहीं भावज में दोष लिगार, प्रभु विचारनारे ॥ २४ ॥ मेरु चले, नीर तरे पत्थर । अगनी शीतल, पश्चिम दिनकर । शशि अगार झरे, अमि अहिवर ।

हो पया सीख शियल न खाहे, निश्चय आननारे ॥ २५ ॥ निर्दंधी जीव सप्ता निस्तारा । भया पुरुष लेख सग सारा, सागर पार तभे फेरा पारा । सीख शील कभू नहीं भोम, कोप निवारना रे ॥ २६ ॥ जग में ऐसी नार न दूजी । निश्चल शीलवती जिम पुजी । प्रभुजी यह तुमने क्या सूझी । सीता है निर्दोषी नाहक मती सतावनारे ॥ २७ ॥ उस दिन राजभोग तज छिन में । प्रभु सग सती सिधाई वनमें । क्या थी कसर पतिव्रत पन में । वैसा सकट तुम सग सहन किया सो चितारनारे ॥ २८ ॥ वडकवन में पड़ा वियोग । मरगये मानुष जैसा सोग । सो दिन उठरगये उपयोग । सुनके सोक वचन को सीता, भाव निकालनारे ॥ २९ ॥ घरघर मवन सोक कहावे । इनकी कथनी चित न लावे । नयनां आंसू भरभर आवे । मेरी तनिक अरज हिय धार, धैर्य धरावनारे ॥ ३० ॥ सीता गर्भवती सुखमाल । पूरण अष्टमास का काल । कैसे या इसे बाहर निकाल । वनमें किम आवेगी समधर, जैसी मातनारे ॥ ३१ ॥ प्रभुजी कहे भनुज से वान । भव तू फिर मत बोल वयान । लक्ष्मण हुआ अधिक हैरान । मोटा भाई बाप समान; करें किम सामनारे ॥ ३२ ॥ सुग्रीव कहे जोड़ी दोउ हाथ । निर्मल कचन सीता मात । क्या कही रामजटी ने बात । आकर कहती भाती या न ध्यान रघुनाथनारे ॥ ३३ ॥ वीर कहे वचन सुणो अनुचर के । । जिस दिन रावण लेगयो हर के । सीता नियम लसन रघुवर के । राम कुशल की खबर

मिले तब अन्न जल खावनारे ॥ ३४ ॥ जब मै देखी लंक उद्यान रोती, होती अधिक हेरान । मुद्री देख सुणी मुख बात, हर्षित होगई दिन इकवीस, तणा किया पारनारे ॥ ३५ ॥ विभीषण कहेयू होके दीन । मै भरुं साक्षी करे यकीन । रावण घररही धर्माधीन, उलटे मुख हो करती बात, देदे धुतकारनारे॥ ३६ ॥ रावण भेजी मंदोदरि ताई । जिनको दूति कही दवाई । दशानन साथे करी लडाई । फिट फिट फिट फिटकार लगा इन मुख दिल लावनारे ॥ ३७ ॥ चोर निशाचर और अन्याई, बनसे लायो मुझे चुराई । क्षत्रीपन के मसी लगाई । धिक् इस प्रार्थना से श्रेष्ठ, तुझे मरजावनारे ॥ ३८ ॥ मूर्ख गिरी से सिर टकराया । सर्प टिपारे हाथ चलाया । शस्त्र उलट पकड सुख चहाया । काल नजर तुझे देखू क्यों मुझ, जीव जलावनारे ॥ ३९ ॥ आवे इद्र स्वर्ग से चाल । उनकी भी नहीं चले मजाल । तो तू किस गिनती मे स्याल । जो तू सुख चाहे तो प्रभु पै, वेग पठावनारे ॥ ४० ॥ केशरीसिंह मूछ का बाल । अहिवर सिर की मणी रसाल । वीर शरणागत कृपण माल । सती पयोधर इतना जीवित, हाथ न आवनारे ॥ ४१ ॥ जो तू लाता स्वयम्वर जीत । यह थी राजन कुल की रीत । इस दुष्कृत से होगा फजीत । गई तेरी पुण्यवानी वीत, प्राण हैं पाहुनारे ॥ ४२ ॥ तुझ घर सहस्र अठारा राणी । तो फिर मुझे उठाकर आणी । पीलण तेज पुज तिल घाणी । सपद तरुवर छेदन काज, कुल्हाडी लावनारे ॥ ४३ ॥ दशसिर काटन कैंची जान । लंक जलावन

भाग समान। पनौती पग आइ पहचान। जानकी, ज्ञान की लेखा हार तू क्यों मनभावनारे ॥ १४ ॥ कह बड़े बड़े के महत्व; लगिया पर रमयौंके पथ, जगोमें निन्दित हुआ अत्यंत, कामन द्वीप सिसापे क्षमीपवंग लुभावनारे ॥ १५ ॥ जितने पग परिचम हित ठावे, उतने प्रसपात कनपावे, ऐसी पुराण में दरसावे, कोटिश कल्प नरक में जनम क्यों हारनारे ॥ १६ ॥ मैं हूं सती जगामत हाथ। हटजा दूरदुष बदजात। सेना लेकर धीर पुनाथ। वेग पधारे इस राक्षस से, मुझे छुड़ावनारे ॥ १७ ॥ सीता रक्षी धरम की कार। प्रभुजी सत्य करो इकरार। तो भी राम न मानी लिगार। सारथी रथ में बिठाई बन में, छोड़ी आवनारे ॥ १८ ॥ अटवी अति भयंकर त्रास। जहां नहीं कोई मिलन की आस। कहींमे राम दिया बनवास। भरसी भोग विकट बन वास, न पंथी लावनारे ॥ १९ ॥ रोने लगा सकल परिवार। महल में होगया हाहाकार। कैसी आन बनी करतार। सत्य शिक्षा देवन हार; हुआ अलसावनार ॥ ५० ॥ सिया से कभी न बदले राम। धोबकी तत्पथ सुन कुनाम। ये हैं सब विन मतलबके काम। जैसे अभयी भाम रुक्मानी कर्म कुनामनारे ॥ ५१ ॥ सारथी रथ सजकर जब लावे। बिठाई सीता को लेजावे। आ बन में सब हाल सुनावे। सुन मुरछाई सीता सारथी हुआ विलसावनारे ॥ ५२ ॥ शीतल पवन सचेतन थाय। रोती बोले सीता माय। कहीये मायनाथने जाय। बिन तकसीर अकेली बन में; क्यों विटकावनारे ॥ ५३ ॥ मात्रा शुभ

हो सवगुण संपन्न । दोपित कर काढी रघुनन्दन । मै तो नौकर जाति विलं छिन्न । खोटे किंकर पन का काम; हुकुम उठावनारे ॥ ५४ ॥ प्रभुजी पलमें प्रीति तोड । भेजी सीता को इस ठोड । देखी काई सियामें खोड । कुचतो कहनाथ। यह कारण; किस अपराधनारे ॥ ५५ ॥ जो कुछ थी क्यों नहीं वहदी पेली । जलवल होती राख की ढेली । इस वन में कुण म्हारे बेली । सग नहीं सहेली वनमें अकेली, वन विहामनारे ॥ ५६ ॥ घरमे बेठी नहीं झगडती । फौजा ले नहीं पिउ से लडती । विष नहीं खाती न कुवे पडती । सीतादेती नही शराप, न करती सामनारे ॥ ५७ ॥ लपट नर की सुन कोई वात । प्रीतम पल-ट्यो आज विधाता । एक दम दीनी केम असाता । राक्षस राक्ष-सणी से पूछ के, निर्णय करावनारे ॥ ५८ ॥ आशा मेरे मन थी ताजा । जनमसी पुत्र वाजसी वाजा । सो सब होगये काज अ-काजा । प्रभु नहीं पूछी मन की वात, बढा पछतावनारे ॥ ५९ ॥ प्रभुजी मैं तो अवगुण गारी । तुमतो सागर सम गिरधारी मुझपे करणा नाथ विचारी । मुझ दासी ने रखलेता यह, वन डरावनारे ॥६०॥ मैंतो पूर्व पाप जो कीधा । वोली झूट. आल पर दीधा । हणीया जीव अछाण्या जल पीधा । कीनी निंदा, नियम व्रत खड्या तलाव सुपावनारे ॥ ६१ ॥ सेव्या आश्रव पाप अठार । कीनी अधम पथ से प्यार, पोषी इन्द्रिय विषय विकार । साधू श्रावक का व्रत लेकर करी विराधनारे ॥ ६२ ॥ के मै जल सू आग बुझाई । दव दीधी आग लगाई । भाडा, चूना, ईंट, पचाई ।

साया कन्द मूल फल करके, रुचिकर सराहनारे ॥ ६३ ॥ के मैं अनरथ कर्म कमाया । फल भर फूल बीज बिंधाया । बैंगन भरता करकर खाया । केरी निंबू में भर खार, अचार नखावनारे ॥ ६४ ॥ के मैं तरवर छाल मरोडी । पाती, कलियां, कोंपल तोडी । छपि कम किये म् मोडी, सुखिया नाश धूप में भरियां, और पियावनारे ॥ ६५ ॥ दीपक बलता उघाडा धरिया । जिन में पड पड जन्तु मरिया, धीवर कर्म कसाई करिया, क मैं खाया मदिरा मांस, या मोजन रावनारे ॥ ६६ ॥ के मैं शोक भये दुख दीना । जननी बाल बिछोहा कीना ॥ मारग लूट द्रव्य हरलीना । मन्त्र उचाटन मूठ चलाव ॥ किसे ही त्रासनारे ॥ ६७ ॥ के मैं किसी का गर्भ गलाया । खापी शील कुशील कमाया । सती के सिरपे कलंक चढाया ॥ पंछी और पती के आप समें वैर बसावनार ॥ ६८ ॥ क मैं सासू बहू लडाई । मत्री मंत्री प्रीति घटाई । सच्च भगाडी झूठ में सराई । श्रीजिन वाणी चित्त नहीं धारणी, करी उथापनारे ॥ ६९ ॥ क मैं धरम करेसा लागी । नाटक नाच देख हुई राजी । छिनकर भेली भातिय भाजी । मोटा आरम करमादान करी हर्षावनारे ॥ ७० ॥ क मैं तपसी साधु सताया । कैसा मबका यह उदय आया । सो तुम जानत हो जिनराया । छूटे नहीं निकाचित मम अवश्य भुगतावनारे ॥७१॥ मेरे कर्मों की है मार । प्रभु में नहीं है दोष लगार ऐसी समता दिल में धार । बाली बारबी दुख मम बास; पिऊको सुनावनारे ॥ ७२ ॥ राम राज्य के राज्य मुझार । सुखिया बसे सकल

नरनार। मै दु ख भोगूँ विपिन निरधार। प्रभुजी मेरा ही दुर्भाग्य, अंक विधि मातनारे ॥ ७३ ॥ जवास्यो सूखे घनवर्षण में। उल्लू देख सके नहीं दिन में। केर फले न वसत ऋतू में । जलधर रवि, ऋतु दोषन कोय, दोष कर्मा तनारे ॥ ७४ ॥ सीता रघुवर बिन दु खी वनमें । तुम भी मुझ बिन प्रभुजी मनमें । तज दी आके लोक वचन में । तिम कोई दुष्ट वचन से धर्म मती छिटकावनारे ॥ ७५ ॥ मैं तो हुइ के न हुइ स्वामी। मुझ बिन क्या तुम घरमें खामी । अर्जी सुनियो अँतर्यामी। निज काया और कुटुम्ब तणी। करजो प्रति पालनारे ॥ ७६ ॥ आखिर सीता की यह वाणी। प्रभु तुम सूरज वशी भाण । दिन दिन होजो कुशल कल्याण। फलजो सुर तरु जू जगमें सु यश वर्तावनारे ॥ ७७ ॥ सारथी कहिजे मुझ आशीश। चिरजी रहो अयोध्या ईश। लक्ष्मण सेवा करो निश दिन ॥ सारथी सीता वनमें छोड़के । रथ पलटावनारे ॥ ७८ ॥ सीता पग पग पे मुरछावे। ग्रीष्म ताप सही नहीं जावे, दर्भांकुरसे चरन विंधावे। सती का दु ख से दुःखी हो सहस्र, किरण अस्तावनारे ॥ ७९ ॥ बैठी तरुवर के तल रानी। रोवत भर २ नयना पानी। बनचर देख अति कंपानी । धरियो परमेष्ठीको ध्यान दुःख मिटावनारे ॥ ८० ॥ वन में नार अकेली जोय देखी लोक अचभे होय। यह तो वन देवी है कोय । आया वज्र जंग तहा भूप, श्रावक जिन राजनारे॥ ८१ ॥ भयाकुल होय सती उसवार। अग तणा सब अलकार । भूपति आगे धऱ्या

उतार। है भगिनी मत दइराय लाय, धीर नहीं जाननारे ॥८२॥ बहिनी कौन! कहां से आई!। इस वनमें क्यों रोती भाई। खिन्न हुई हो खिन ये घरराई मैं हूं भावक भ्रातका धारी, शक मत लाय नारे ॥ ८३ ॥ बीती बात सुनाई ताम। सुन के भूप किया अ-याम। चलिये बहिन हमारे धाम। मैं तुम भाई धम को भामण्डल सम जाननारे ॥ ८४ ॥ सती को शिबिका बीच बिठाई। लाया निज महलों के मांई। करे सती धर्म ध्यान हुलसाई। टलियां दुःख मिलिया सुख, पुण्य भगटावनारे ॥ ८५ ॥ सारथी आया है जब चाल। सुनाया सती के दुखका हाल। सुनकर रामचन्द्र तत्काल। मुरछा खाके पड़ गये लक्ष्मण, आय उठावनार ॥ ८६ ॥ सुध बुध बिसरगया रघुवरे। कहां मुझ सीता सती सुवरे। सूना भवन लगे मम घरे। सीता बिन जीना धिक्कार, पीछी मिलावनारे ॥ ८७ ॥ कैसा होगया जान अजान। सीता प्यारी भाया समान। मैं सो लोक कहन में आन। पीछे बिहुयी सती को दुःख हुवा पश्चतावनारे ॥ ८८ ॥ बोले लक्ष्मण सुनो रघुनाथ। सोचे बिगड़ी मानुष बात। रोवा अब क्या आवे हाथ। पुन शोधन करले आवा, क्यों घबराव भारे ॥ ८९ ॥ आये बैठी तुरत बिमान। शोधि धणी अ मिल्या निधान। पंछे बस आये निज स्थान। लोकों होगई राजी पूरण हुई मनकामनारे ॥ ९० ॥ सिया करे गर्भ तणी प्रतिपाल। जनमें युगल पगे दो बाल। लव, कुश दीना नाम रसाल। भणिया गीतार्थ से सिया, पाम्य सुदावनारे ॥ ९१ ॥

एक दिन माता मुख सुनी बात । तत्क्षण कोपे दोनों भ्रात । लेकर दल अक्षौहिणी साथ । आये राघव से लढवा निज, बल दिखावनारे ॥ ६२ ॥ भेजा दूत राम पे आया । बीडा भाल नोक भेलाया । बलिया दो जगजननी जाया । आये आण मनावन काज, हुक्म सिर धारनारे ॥ ६३ ॥ सुनकर राम लखन कोपाये । फौजे लेकर सन्मुख आये । मुख से बोलत लव कुश धाये । गीदड़ रावण को मारा अब, क्षत्री पन दिखलावनारे ॥ ६४ ॥ अडी जब दोनों फौजें आन । बजे रण बाजा उड़े निशान । नूर नूरानी सुभट बलवान । खडा रणक्षेत्र में सुलतान, वीर रस छावनारे ॥ ६५ ॥ बख्तर, तोप, तेग अति चलके । शस्तर विविध प्रकारे भलके । शक्ति तेज चढी दोई दलके । निज निज स्वामी की जय कारण, मरण मुख धावनारे ॥ ६६ ॥ नीर सम तीर चले सर सर्र । छूट रही तोपें भी धर धर्र । देख कायर कंपे थर थर्र । धूज गई धरणी रजसे रविका, तेज छिपावनारे ॥ ६७ ॥ लव जब भिडा राम से आन । कुश लखन पै ताना बान । हृदे में लगा हुए बेभान, मूर्छित होय पडे रथ माय, सुभट रथ वारनारे ॥ ६८ ॥ लक्ष्मण सावचेत में आया । स्यदन पीछा रण में लाया । फिर भी परास्त हुवे हरि राया । तबतो हो कुपित त्रिखडी, चक्र चलावनारे ॥ ६९ ॥ चलाया राम लखन कई शस्तर, फिर २ आवे पीछा चक्कर । मनमें सोचे हरि और हलधर । है कोई विद्याधर बलवंत, राज्य अब जावनारे ॥ १०० ॥ आयुध सेवे देव हजार

चक्कर दशमुख मारन हार । सो सब बदल गये इसबार । हाथी वसि से इनकी जीत, जीविये क्या फरमनारे ॥ १०१ मगिली मिल भामण्डल वीर । सुन के उत्सव लव कुश वीर । मामा आय ले शमशीर । मीडियो राघव बल से लेचर, दिल शकासनारे ॥ १०२ ॥ सुग्रीव पूछ भामण्डल साई । ये कौन आये शूर चलाई । तुम क्यों मिले इन्हों में जाई । ये सुत मायेशा सीता का, आया आननारे ॥ १०३ ॥ खेचर मिल सब मसलत ठाई अपन किस पै करें चढाई । पिता और पुत्र तणी यह लडाई । शस्त्र छोड अलग आ बैठे सैनिक रामनारे ॥ १०४ ॥ सोचे उब लक्ष्मण रघुराज । रण तब मागे सुभट समाज । निश्चय पलट गये दिन आज । चक्री लेने को हरि हलधर, बूआ भगटापनोर ॥ १०५ ॥ इतने नारद ऋषि चल आया । राघवजी का भरम मिटाया । ये कोई है सीताके जाया, मिलबा आया आपा विसार्या, युद्ध म ठावनार ॥ १०६ ॥ गोत्रीपर नहीं चाले शस्त्र । सो किम मारे ये निज पूतर । प्रथम जिनेश्वर श्री आदेश्वर । जिनका पुत्र बडा भरतेश, चक्री पद पावनोर १०७ चलाया चक्र बाहुबल साथ । आया पलट करी नहीं घात । सुनिया हाल श्री रघुनाथ, देख्या जोरावर भगआत, गात फूलावनारे ॥ १०८ ॥ मिलबा राम चल्या तत्काल तब पग लागे दोनों बाल । देखी सब जन हुआ खुशाल । आये पुत्र पिता के भवन, रंग उछावनारे ॥ १०९ ॥ पितासे पुत्तर करत बखान क्या कहे सुख दुःख सागर आप दीन्हा बिन सोचे संताप, अवगुण होमी सो क्या जगत फजीत करावनारे ॥ ११० ॥

लक्ष्मण, सुग्रीव अंगद हनुमान । विभीषण और मित्री राजान । बोले राघव से हित आन । शील शिरोमणि सीता नार, उसे अब लावनारे ॥ १११ ॥ तब कहे रामचंद्र आल्हाद । मिटे किम लोकोंका अपवाद ॥ करे वह धीज मिटे अपराध, हनुमत सीता लेवन पुंडरीक, नगर सिधावनारे ॥ ११२ ॥ सिया से हनुमत भाखे बात ; समति कर राम लखन सब साथ । भेजा मुझको यहा रघुनाथ । चालो पुष्पक बैठा विमान, न देर लगावनारे ॥ ११३ ॥ बिठाई सीताको विमान । आये महेंद्र बाग दरम्यान । लक्ष्मण पावा लागे आन । माता भवन पधारो करके, माफ अशातनारे ॥ ११४ ॥ सिया कहे करू धीज खचीत । जिससे हो सब को परतीत । मिटे सब लोकों की बदनीत । रचायो अग्नीको तहा कुंड, झूंड, नरनारनारे ॥ ११५ ॥ तीन सौ हाथ गोलाई जान । उंडा धनुष दोय परमान । चन्दन भरके धरी कृषान । धग धग करता लाल अगार ज्यू, केशु फुलावनारे ॥ ११६ ॥ हजारों पुरवासी मिल आवे । दीनता कर करके समझावे । प्रभु अग्नि में मत छिटकावे । सीता है बिलकुल निर्दोष, अर्ज स्वीकारनारे ॥ ११७ ॥ राघव कहे सुनो लोक गवार । तुम तो भेड़ जात ससार । क्या तुम जिव्हा का इतबार । कछुए सम ज्ञण बाहर ज्ञण, भीतर हो जावनारे ॥ ११८ ॥ लोक सब हाहाकार मचाय । निर्दोषण सीता के ताय । डारे आज अगन के माय । हे जगदीश दयानिधि करके, दया बचावनारे ॥ ११९ ॥ जानकी आई अनल के तीर । नयन से टपक रहा है नीर ।

पड़ी थे कैसी अनुभी भीर । पूर्वकृत कर्मों की तकसीर, कर्म दुःख
बनारे ॥ १२० ॥ धर्म, साधु, सिद्ध, जिन भगवान । शरण में
गहू करो कल्याण । मनसा, वाचा, कर्मणा जान । जो सत्याग्रही
रवि, शशि लोकपाल, दिशि धारनारे ॥ १२१ ॥ सीता कहे
सुनो बाल गोपाल । पेड़ो सपने पथ्य पवि टाल । धर तू ज्वाला
दीजे बाल । नहीं तो अभी मिट तत्काल, नीर हो जावनारे ॥ १२२ ॥
ऐसे कह के सती सवाल उठ रही घोर अगन की ज्वाला, उसीमें
कूद पड़ी ततकाल, बसत सब जन सररर नैनांबू टपकावनारे
॥ १२३ ॥ तत्क्षण विमल भये परताप । आये देवी देवता
आप । मेटा सीता का सताप । होगया अग्नि का जल कुंड,
फूल बरसावनारे ॥ १२४ ॥ पंकज पत्र विविध जल कंद । सुर
निर्मल फूल विकसंत । सारस हंस चकोर रमन्त । पायरी पंचरत्न
मय मणि, सोपान सुहावनारे ॥ १२५ ॥ माहात्म्य सत्य शील
का सार । देखत कोटिगण संसार । सती ने कीना जगत उद्धार ।
हर्षित होगये सज्जन दुर्जन, मन शरमावनारे ॥ १२६ ॥ सिया से
राम कहे पछिताय भेजी तुमको वनखंड माय, कीना दुश्मन प्रेम
प्रकाश मम अब क्षमय सकल अपराध माफ करवावनारे ॥ १२७ ॥
कैसी महिमा सियाँ की भारी । जय जय बोले सब नर नारी ।
अग्नि परीक्षा हुई जनक दुलारी । प्रगटा पतिव्रता का धर्म, सुयश
जग छावनारे ॥ १२८ ॥ रामकी चमू बड़ी भारी । हनुमत
यद्यपि शूर सिपाही । सब आग नाश कर आया । शक्ति पाय
बली लक्ष्मण के, प्राण न जावनारे ॥ १२९ ॥ रामकृत दुरकटक

कहवाया। जिनको प्रभुजी मार गिराया। लंका गढ़ में हुकुम चलाया। सती को बन में मिला सुसाज, भक्त जिनराजनारे ॥ १३० ॥ दो पुत्तर बलवता जाया। हरि हलधर का पाव डिगाया। अग्निकुड नीर छवि छाया। ये सब सीता शीयल प्रताप, बिघन बिरलावनारे ॥ १३१ ॥ सिया कहे सुनो सकल समाज। कब हो नीर अगन का आज। पर यह रही रघुकुल की लाज। सूरजवश दिवाकर पुराय, प्रभू का माननारे ॥ १३२ ॥ खाल का नीर पूजनीक थाय। लोह के घात कनक बनजाय। अधर्मी पुरुष धर्मी कहलाय। ये त्रिहु नसा, पारस, सद्गुरु महात्म जाननारे ॥ १३३ ॥ नयनाश्रुत कहत मुरारी। मुझ सग चलो भोग सुख प्यारी। सती कह झूठा जगत दु खकारी। प्रभुजी भोग भुजग समान, वचन वीतरागनारे ॥ १३४ ॥ जग में लगा अलीत पलीत। सुख में दुःख सताप ख-चीत। मूरख करे भोग से प्रीत। त्रिविध त्यागन करके नाथ, निजात्म तारनारे ॥ १३५ ॥ सियाने लीना संयम भार। सम दम उपशम गुण को धार। तेंतीस दिन का कर संथार। पहुची द्वादशवें सुरलोक, इद्रपद पावनारे ॥ १३६ ॥ गजमें ऐरावत एक जान। अश्व में कमलापति प्रधान। उदक में गंगोदक एक मान क्षीरवर सागर एक ही मत्र, एक नवकारनारे ॥ १३७ ॥ एक है सुदर्शन गिरिराज, भोग में शालिभद्र सिरताज। योग में स्थूलि-भद्र महाराज। दानी में कर्ण, दशार्णभद्र मानी एक जाननारे ॥ १३८ ॥ ऐसे लिया सर्व जग देख। सीता हुई जगत में एक

होगई तिरिया और अनेक । दुलभ सीता जैसी नार, फेर प्रगटा-वनारे ॥ १३९ ॥ ऐसा पतिव्रत धर्म सुखकारी । बहिनों धारी लीजो सारी । कीर्ति फैलेगी जग भारी । ऐसा शील रत्न को धार, यश उजवालनारे ॥ १४० ॥ गुरु हैं मेरे हीरालाल । कीन्हा चौथमल को निहाल । उन्नीसो चहोत्तर का साल । जोड़ा कोरी थल के माथ, जो देश मेवाड़नारे ॥ १४१ ॥

॥ ॐ ॥ शान्ति ! शान्ति !! शान्ति !!!

ॐ

रचयिता:—
पण्डित मेवाड़ी मुनिवर्य
श्री चौथमलजी
महाराज.

ऋषिदत्ता-चरित्र

प्रकाशकः—
सेठ बगतावरमलजी नारमलजी
मुकाम अंजड़.

प्रथम संस्करण	मूल्य	वीर स. २४५५
१०००	सदाचरण.	विक्रम सं. १९८५

प्रस्तावना

नूनं नाशयते कलङ्क निकरं, पापाङ्कुरं कृन्तति ।
सत्कृत्योत्सवमाचिनोतिनितरां, ख्यातिंतनोतिध्रुवम् ॥
हन्त्यापत्तिविषादविघ्नविततिं, दत्तेशुभां सम्पदं ।
मोक्षस्वर्ग पदं ददाति सुखदं, सद्ब्रह्मचर्यं धृतम् ॥

प्रिय पाठकवर्ग! गतकालमें क्रोडों कुलाङ्गनाएं होगई हैं। जिनकी ख्याति प्रत्येक मजहब के सद् शास्त्रों में पायीजाती है, जो आजकी कुलवतियों को नैतिक शिक्षा का पूर्णतया पाठ पढागई हैं। यह ठीक है कि सदाचारपन की कसोटी कराने को अनेक आपत्तियें आ उपस्थित होती हैं; किन्तु वह स्वल्प कालमें ही प्रायः लुप्तसी होजाती हैं। संसारमें कीर्त्तिरूपी बिजली चमक ऊठती है। गई हुई सम्पत्ति पीछी लौट आती है। बिछुड़े हुये सज्जनों का संयोग सौभाग्य शीघ्रही प्राप्त होता है। अखिल दुनियां में विश्वास पात्र ही नहीं किन्तु पूज्य भाव प्रकट होता है। किंबहुना उभयकुलों को उज्वल करती हुई सत्य धर्म की नौकामें बैठकर विश्वार्णव से उत्तीर्ण होजाती हैं।

आज इसी आशय पर यह "ऋषिदत्ता" चरित्र आप श्री के करकमलों में सादर समर्पण करताहूं। जो

श्रीमज्जैन शासन दिवाकर सकल सुगुणालंकृत बालब्रह्मचारी पूज्यवर श्री १००८ श्री एकलिंगदासजी महाराज के सुशिष्य कविरत्न सरस व्याख्यानी पंडित मुनि श्री "चौथमलजी" महाराज ने निर्माण किया है। प्रियवरों चरित्र क्या ? एक आत्मोन्नति की सीढी समझना; मैंने इसे मुनिश्रीजी के मुखसे २० रोज तक निसरपुर शहरमें श्रवण किया है तभी मैं मुग्ध होरहा हूं। मुनिश्री की इस मनुष्य पर कृपा हुई है सो इसे प्रकाशित कर अमूल्य अर्पण करवाई है।

विनीत—

नाहरमल ऊँकारमल

भजन (निमाड़)

॥ ॐ ॥

❀ नमोऽर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय सर्व साधुभ्यः ❀

सति शिरोमणि ऋषिदत्ता चरित्र

॥ दोहा ॥

शासनपति श्रीवीरके, नमन करी चरणार ।
सरस कथा कहूं शीलकी, ऋषिदत्ता अधिकार ॥१॥

तर्ज—ख्यालकी—सुनियो श्रोताजन पूर्ण प्रेमसे, यह चरित्र रसीला ॥ टेर ॥ जम्बू भरत रथमर्दनपुर में हेमरथ महिपाल । सुयशा रानी सुखदानी सुन्दर रूप रसाल ॥ शूरवीर सब कलावन्त सुत "कनक कुँवर" सुखमाल, अजी यह चरित्र ॥ १ ॥ कम्बेरीनगरी नृप कृत ब्रह्म लवणसुन्दरी नार । पुत्री नाम रुखमणी कहिये तन दामन अनुसार ॥ सकल कला परवाण देख नृप चिन्ते चित्त मझार, यह० ॥ २ ॥ मिले योग्य वर कोन ठिकाने मंत्री कहे विचार । रथमर्दनपुर राज कॅवर हे कामदेव अवतार ॥ सत्य कहूं महाराज मिले नहीं उन जैसा संसार, यह० ॥३॥

श्रीफल देकर भेज्यो मन्त्री विमगय के दरबार। सदा विजय हो शब्द बोलके श्रीफल धर्यो सिंवार ॥ सगपण मानो राजवी सरे मत करिजो इनकार ॥ यह ॥ ४ ॥ श्रीफल ले सतकार देइने विदा किया ततकाल । निज नगरी आ हाल सुनाया सुन हरप्यो भूपाल ॥ ब्याह तणी रचना रची सरे घर २ मंगल माल ॥ यह ॥ ५ ॥ स्वागत कारण भार्त सामने चल्या कँवरी ईश । उधर भावकी करी चढाई हेम रथ अवनीश ॥ कर धर राजा कनक कुँवर को बैठायो गज शीश ॥ यह ॥ ६ ॥ चतुरंगी सेना सजि संगमें बडा २ उमराव । रस्ते लम्बा भूप पर आया चली बात दरियाव ॥ विषम भयकर जंगल में आ दीना डेरा पड़ाव ॥यह०७॥ उदक ढूंढते अनुचर फिरते आया सरवर ठोर । सुभग बाग चौतरफ किनारे छायरहा घनघोर ॥ कुंवरी एक झूलरहि चढपि चांस अम्बके डोर ॥ यह ॥ ८ ॥ रुप-अचम्भित है वनदेवी विद्याधरणी कोय । इण सम दूजी कौन जगतमें रहे सुभटगण जोय ॥ कन्या डर भागी उस वनमें तत्क्षण अदृश्य होय ॥ यह ॥ ९ ॥ सुभट आय कुँवर के आगे दरसाई यह बात । सुनत स्नेह पूर्व को जगियो विकसित होगई गात ॥ उसी कानर्सा ठोर बतावो जल्दी मुझको भ्रात ॥ यह ॥१०॥ उसी जगह चल आया सब मन लखी सृष्टी म्होंही । देखत नैन दस नहीं होवे यह रूप कहांसि आई ॥ सना देख डरी कुंवरी फिर भागी इस वनमांही ॥ यह ॥ ११ ॥ गई दृष्टि से कुंवर विकल हो ढोलन लग्या

निश्वास । धस्यो बागमें तापस दीठो करतो योग अभ्यास ॥ जटाधार तन वृद्ध तापतो कुंवरी बैठी पास ॥ यह ॥१२॥ देख कुंवर खुश हो तापसके चरण नमायो शीश । चिरंजीव तुम रहो कुंवरजी दीनी शुभ आशीश ॥ क्योंकर चल यहां आविया सरे किस नगरी का ईश ॥ यह ॥ १३ ॥ रथ-मर्दनपुर राय हेमरथ का नन्दन महाराज । कम्बेरी नरवर की कन्या जाऊं परणवा काज ॥ दर्शन दीठो आपको सरे सफल हुओ दिन आज ॥ यह ॥१४॥ राजरेख तन ऊपर दीखे आप लिया कीम जोग । तापस कहे सुण राजकुंवर यह इस विध बणियो नोग । नगरी इक ताम्बावती सरे सुखी बसे सब लोग ॥ यह ॥ १५ ॥

सुण राजकुंवरजी, मैं निज वीती परकासूं वारता ॥ टेर ॥

तहां नृपत हरिषेण एकदा होय तुरंग सवार । उलटे बाग उडाय लेगयो विकट विपन मंझार ॥ तापस का आश्रम देखाया एक सरोवर पार ॥सुण०१६॥ तापस मत धारण कर औषधि विषहर ले के राय । निज नगरी आ कइयक जनका दीन्हा जहर हटाय ॥ महिमा फेली बहुत भूपकी देश दिशान्तर मांय ॥ सुण ॥ १७ ॥ कालान्तर एक पुरुष आयके करी विनय अरदास । मंगलावति नगरी प्रियदर्शन पृथ्वीपती का वास ॥ विद्युत्प्रभा राणी उर उपनी प्रतिमती गुण रास ॥ सुण० ॥ १८ ॥ फणि-धर दंश दिया महाराजा कीन्हा बहु उपचार । प्रभू पधारो जहर उतारो यो मोटो उपगार ॥ तुरत तिहां जा

रामसुता का दीन्हा गरल उतार ॥ सुण० ॥ १९ ॥ धन्य याद दे परणा दीनी लेआया निज शहेर । सुखसे नाटक हावता सरे प्रीतमती के लेर ॥ एक समय राजा इम चिन्त समी पुण्य की महेर ॥ सुण० ॥ २० ॥ साधन करूं पुनर्भव देके निज नन्दन का राज । राणी से कह सुख से रहिजे मैं मारूं निज काज ॥ प्रीतमती कहे तुम बिन क्षिणभर मैं न रहूं महाराज ॥ सुण ॥ २१ ॥ पछ लागी नाथ आपके कैसे जावो छाड । मैं पिण रहस्यूं संग तुम्हारे साधो जोग सजोड ॥ जोग मार्ग यह राग भयंकर तुम इम किम इक ठोड ॥ सुण० ॥ २२ ॥ जा सुख का तज आप गये हो करस्यूं आतम काज । समझाई समझी नहीं सरे आखिर लीन्ही साथ ॥ दोनोंने तापस व्रत लीन्हा विश्वभूति के हाथ ॥ सुण० ॥ २३ ॥ कुछ समयान्तर रानी के तन गर्भ चिन्ह दरसाय । पति पूछ यह अनर्थ कैसा अब किम लाज रहाय ॥ अपयश होसी जगत में सरे अंगुली लोग बताय ॥ सुण ॥ २४ ॥ भोगारम्भ का गर्भ नहीं यह गृहस्थाश्रम का जान । मोल धर्म में नहीं अघाई सुख रह्यो आधान ॥ धिक् दुष्टन सब बात बिगाडी यें मुझ संगमें आन ॥ सुण० ॥ २५ ॥ महिला मोह में अन्ध हुआ तब या उपज्या संताप । एक क्रोड अस्सी लख नरका कौपिक लीन्हा पाप ॥ रमणी मूर्च्छित खोर संडाधिप आप नर्क में आप ॥ सुण० ॥ ॥ २६ ॥ दे कपोल तल हाथ सोगया चिन्तातुर नृप होय ।

प्रात हुआ देखा तो तापस नजर न आया कोय । दोनों भटकत आगे आया जीर्ण झूंपी जोय ॥ सुण० ॥२७॥ जंघ क्षीण इक वृद्ध तपश्वी बैठा देख नरेश । हाथ जोड पूछा सब तापस चलेगये किस देश ॥ ते कहे तेरा दुराचार लख रमगये ले निज भेष ॥ सुण० ॥ २८ ॥ मैं अपंग बैठो इण मठमें, करू प्रभू को ध्यान । थें तिरिया संग योग रतको नष्ट किया राजान ॥ घरका रह्या न घाटका स तूं हुआ रजक का श्वान ॥ सुन० ॥ २९ ॥ नारि ठगारी महन्त पुरुष को करदे दास समान । ब्रह्मा विश्नू ईश शशि सुर इन्द्र हुवे हैरान ॥ पाराशर शृंगी कई बिगडे साक्षी देत पुरान ॥ सुन० ॥ ३० ॥ धरत खेद इण मठमें वसीया पुत्री जन्मी ताम । ऋषी पणे प्रस्त्री सो दीन्हा "ऋषिदत्ता" तसुनाम ॥ नव दिनकी हुई वालिका सरे माता गई परधाम ॥ सुण० ॥ ३१ ॥ पत्र पुष्प फल खिला २ के पिता करी प्रतिपाल । क्रमसर ते मोटी हुई सरे, तेरा वर्षकी बाल ॥ गांव नगर मानव नहीं जाणे कथा कंकर क्या लाल ॥सु० ॥ ३२ ॥ गज गमणी मृग नयनी वयनी कोकिल कंठ समान । शशि वदनी, अरु शीलवती, गुण किम करूं एक जवान । सुर अवछर मी देख इसे हो दिलोजान कुरवान ॥ सु० ॥ ३३ ॥ अम्ब सुवन में खेलत तुमको देख डरी भग आई । या मुज कुंवरी आद्य अन्त तुम सन्मुख कथा सुनाई ॥ कुँवरी कुंवर परस्पर दोनों हद से गये मोहाई ॥ सुण० ॥ ३४ ॥ वसुरि बिंधो मृगवत भेदी व्रनडा की

मत धात । सुभट कहे देरीसुं ये स मत चला उठावो माव ॥ प्रम पिछल परन, सुमरेगेफी कान धरी नहीं माव ॥ सुण० ॥ ॥ ३५ ॥ प्रीत जुडी दोनोंकी दखी पिता हप चित हाय । परणा दीन्ही संग कुंवर के पोस। नयन निचाय ॥ अति वल्लभ मुझ लाडलीथेरे दुःख न दखा कोय ॥सुण०॥३६॥ पिता कंठ विलगी अति रोई सिखासी कर प्यार । रूं कुल वधी कत हुक्म में रहिजे कुल आधार ॥ कहे कुंवर से या सुत धरण खिम खिण करखा सार ॥ सुण० ॥ ३७ ॥ श्रपि गया निज धनमें करवा आतम का उद्वार । दिल पलट्यो रुखमण से मिलगई बिचमें सुन्दर नार ॥ रखा छीन्हा निज नगरी का कोई सुभट सरदार ॥ सुण० ॥ ३८ ॥ पीछा कैसे पलट पधारा रखिये कुल की लाज । रुखमण के बिनपर्मे होगा अगत फजीती आज ॥ धकनवाला धका करा कुंवर नहीं सुन अवाज ॥ ये चरित्र रसीला, सुणियो० ॥ ३९ ॥ रथमर्दनपुर धाग आविया खबर सुनी भूपाल । वनसे पदमण परण पधान्या उत्सव किया विशाल ॥ चौथमल कहे ठाठ पाटसे आया महलां चाल ॥यह च ॥४०॥

दोहा—सासू स्वसुरादिक तणो कौन विनय व्यवहार ।
सो प्यारी जाने नहीं रीत भांत आचार ॥ १ ॥

तर्ज पूर्वोक्त—अनुपम रूप मधम तस तनका फिर सखिया मझार । रतन मंदिर का नख खिखवाई पहनाया ऊंकार ॥ देखनवाला कप नहीं धपता कवि किम पावें

पार ॥ यहच० ॥ ४१ ॥ देव दो गुंदक जैसे दोनों करता भोग विलास । कुलाचार प्रियतम बतलाया सास श्वसुर सहवास ॥षट्गुण नीति रीति सिखलाई धर्म कर्म अभ्यास ॥ यह० ॥ ४२ ॥ नूतन महल बनाविया सरे सोवन कलश चढाय । मुक्ताजाली पूतली सरे विविध चित्र चितराय । भामण के वश पड्यो भमरजी सेज छोड नही जाय ॥ यह० ॥ ४३ ॥ कम्बेरी नृप खबर सुनी मन उपनो बहु सन्ताप । हा ! हा ! कैसा अनर्थ वनमें परण पलटगये आप ॥ मूर्च्छित होगई रुखमणी सरे करके घोर विलाप ॥ यह० ॥ ४४ ॥ झूरन लगी नैन से धारा वरसत श्रावण मेह । तेल चढी तजि बालमा सरे धरिये वनचरी नेह ॥ पिउड़ो वशकर लेगई दुष्टन किमकर राखूं देह ॥ यह ॥ ॥४५॥ धन्य नार संसार में स पिउ साथ बसे सुख वास । धिक् २ मैं नहीं मरी बालपन डायन करी न ग्रास ॥ क्यों छोडी मा शीतलासरे भुक्तावन दुख त्राश ॥ यह ॥ ४६ ॥ किया पूर्व भव पाप अठारा किसी जीवको मारा । झूंठ उचारा कर्म ठगारा शील भंग कर डारा । जंगल जारा भ्रष्ट जमारा कर मानव भव हारा ॥ यह ॥ ४७ ॥ ज्ञानी विना कौन अब मेरा करें आज निस्तार । प्रीतम अब कैसे मिले सरे जीना जग धिक्कार ॥ सुलसा नामा योगिनी सरे चल आई तिणवार ॥ यह ॥ ४८ ॥ मंत्र तंत्र कामन उच्चाटन करती कर्म अनेक । छल कर के पूर्ण भरी सरे सुगुण मिले नहीं एक ॥ पीत वशन कर लिया कमंडल शिर सिंदूरीरेख

॥ यह ॥ ४९ ॥ दुख भरती कुंवरी का दखी पूछन लागी मात । कुंवरी पड़गई चरणमें सर भली पधारी मात ॥ अब तेरा आधार हमारा करसी कष्ट निपात ॥ यह ॥ ५० ॥ धर मस्तक पर हाथ जोगनी पूछे कौन हवाल । मुझ वर ब्याहन आवत परणी पद्मण विपिन विशाल ॥ बिन ब्याही मुझ छोडगयो इस दुख से आप निकाल ॥ यह ॥ ५१ ॥ धैर्य धार बाई मैं तेरा शीघ्र सुधारूं काम । अपिद्या से दिल पलटाई तो सुलसा मुझ नाम ॥ चल आई रथमर्दनपुर में करवा कर्म हराम ॥ यह ॥ ५२ ॥

आई हत्यारी सुलसा जोगिनी, दुष्कृत्य करनको ॥ टेर ॥

अन्धकार कर नगरी मांही मिरगी मार चलाई । एक मनुष्य को मार रुधिर ले अपिद्यापा जाई ॥ छतीके मुख लगा मांसकी पिण्ड पास धर आई ॥ दु० ॥ ५४ ॥ मच्यो हलाहल पुरमें अधिका कुंवर जाग परभात । देखा रमणी मुख सोणितमय मांस पिंड वसु हाथ ॥ हुवा घोर दुख दिलमें यह क्या ! बनी भयकर बात ॥ दु० ॥५४॥ भा सति ऐसी नहीं भखावे मुख धाके स्वच्छ कीन्हा । मांस पिंड एकान्त पटकदी सोगया पास नगीना ॥ मानव हुयें लगा रस रंगमें कुंवर भेद नहीं चीन्हा ॥दु०॥५५॥ फिर दूजी रजनी में इणविध देख हुवा भय भ्रांत । नीन्द मुक्तकर बोला है प्रिय ! तु दीसे गुणवन्त ॥ सुण मुख सून खराबिया पुर में मानुष रोज मरंत ॥ दु० ५६ ॥ इस

लच्छन तूं है राक्षसणी, मैं ऐसी नहीं जाणी। वचन सुनत प्रियतम का सुन्दर रोम २ कम्पाणी॥ नैना पानी ढलक पड्यो सुध वुध तज के मुर्छाणी॥ दु०॥५७॥ कंत सचेतन कर कहे प्यारी मत करिये दुख कोई। मैं निश्चय जाणूं पुन्यवन्ती सदा बोली अति रोई। हे प्राणेश्वर यह दुर्घटना अकस्मात किम होई॥ दु०५८॥ बालपणे माता मरी सरे मोटी कीनी बाप। वैर विरोध किसी संग मैंने किया नहीं कछु पाप॥ प्रबल पुण्य परताप हमारे बालेश्वर हुवे आप॥ दु० ॥५९॥ क्यों आया संकट मुझ ऊपर जाणों श्री भगवन्त। दी धीरज पति प्रेम पौषके प्यारी रहो न चिन्त॥ देवयोग पण तुझ मुझ मांहीं अंतर नहीं पडंत॥ दु०॥ ६०॥ दुराचारिणी सुलसां नितकी ये करतूत रचावे। कुवर सदैव धोय शुद्ध करदे रखे प्रगट होजावे॥ बिल बिलाट करते पुर वासी भूप समीपै आवे॥ दु० ६१॥ कुण कोप्यो यमदूत हमेशां मानुष्य मरे अकाल। उच्चाटन करदिया नगर में शुध लीजे महिपाल। भूपत मंत्री भेज तलासी करवाई ततकाल॥ दु० ॥६२॥ देव दोष नहीं वदे ज्योतिषी मंत्र तणा परभाव। खट दर्शन जोगी सन्यासी पड़िया बहुत पडाव॥ घर २ पै तोफान रचावे जिनका दुष्ट स्वभाव ॥ दु० ॥ ६३॥ जैनमती साधू निर्दोषी शिव मारग विहरत। कंचन कंकर सम गिणे सरे जगत उदासी संत॥ ले भिक्षा निर्दोष पक्षिवत् संग्रह नहीं करन्त ॥ दु० ॥ ६४॥ खट काया प्रतिपाल कभी दुख देवे नहीं

किम तारे । दूसा दुष्ट भेषधारी है न्यांकी प्रतीत नांहीं ॥ सुरत निकाला आगी अगम एक न रह पुर मांहीं ॥ दु० ॥ ६५ ॥ दे द् धका सब का काळ्या तुलसां मिली जलाल । रण्डी निकल नगरमें वैने फैलाया बजाल ॥ चटा भिखर हाथ तन नंगी थिफरी रंग कर लाल ॥ दु० ॥ ६६ ॥ राज सभा में आकर चाली नरपति न्याय विचार । सबल धकी नहीं जीते सो तुम लगे निबल के लार ॥ राजकुंवर के घर राक्षसणी कर रही अत्याचार ॥ दु० ॥ ६७ ॥ जो तुम देखन चहो बताऊं तुम घर लागी लाय । एक रात के लिये कुंवर को अलग करो महाराय ॥ नजर देख इन्साफ करो मत धिरया किसे सवाय ॥ दु० ॥ ६८ ॥ मध्यस्थता बस राय मानली नीच रांड की बात । सध्या समय बुलाय कुंवर को पास बैठायो तात ॥ है बस्स तूं कुल दीपक मेर एकाएक अग जात ॥ दु० ॥ ६९ ॥ रात दिवस रहे महलां मांही रंग रस में गलतान । कोटवाल उमराव मुसद्दी हाकिम और दिवान ॥ तू नहीं बैठ राज्य सभा में किम होगा पहिचान ॥ दु० ॥ ७ ॥ मालगुजारी भंडारां की तुझे खबर नहीं कोय । फौज रिसाला सलतन दफतर तू नयना नहीं जोय ॥ आज हमार पास बैठके लिखो फैसला दाय ॥ दु० ॥७१॥ प्यारी में दिल टलमले सर एकल रही पर्यंक । अब किम जाऊं उठने सरे पड़ी पिता की शंक ॥ रस आजकी रात प्रिया के शिर पे आय कलंक ॥दु०७२॥ घोर दरद दिल कुंवर के सर जाण एक जिनस । भूतारी

योगन किया वैसा जैसा करत हमेश॥ प्रात सभामें आकर बोली देखो चिन्ह नरेश ॥ दु० ॥ ७३ ॥

रानि कनक कुवर की, मान्या मानुष्य इण दुष्टण डायिनी ॥टेर॥

राजा और दीवान प्रोहित हाकिम भट दासी-दास । देख रुधिर आमिप सब बोले या डायिन बद-मास ॥ कनक कुंवर मूर्च्छित पड्यो सरे पिता लियो विश्वास ॥ रानि ॥ ७४ ॥ रे मूरख क्यों मुरझ रह्या तूं छाने कर्म छिपाय। भली हुई तूं कुशल रह्या को दिनजानी गटकाय॥ चिरंजीव सुलसां रहो सरे काढी दूर बलाय ॥ रानि॥७५॥ नरपत हुकम लगाया पकडो करदो टुकडा दोय । मुश्की बान्ध पीटते जावो मद्य बजारां होय । आले कांटे लगा फूकदो शोर सुणो मत कोय ॥ रानि ॥७६॥ दास्यां मिल दागीना हरिया काढी महलां बहार । कोई चपेटा मुष्टी मारत कोइक चरण प्रहार। कोई घसीटे भूमी तलपर मुखसे बोलत गार ॥ रानि ॥ ७७ ॥ कृष्णानन करखर बैठाई गल बिच मींगणमाल । शिर धर छोगा निम्बका सरे धूल उछालत बाल । इस भांतीकर मद्य चौहटे लेआया चंडाल ॥ रानि ॥ ७८ ॥ कोई केह मुझ पती विनास्यो कोई कहे सतान । भुआ भतीजी प्रेम वधूका लिया प्रेतनी प्रान ॥ सतिका दुख नहीं वरनन होता, जानत श्री भगवान ॥ रानि ॥ ७९ ॥ पुरजन डरकर पीछे पलटे मैतर मसान लाया। खेंच म्यानसे खड्ग सतीको मारण काज उठाया॥ देख चमक बेसुध हो पडगई, ज्यूं मुरदेकी काया ॥ रानि॥

॥ ८० ॥ भिनमारी भरगई सोच थू म्यान धरी तलवार, आल काटि झोंक आग घर सिलगाई उसवार ॥ मल छूटी हुई खोरसे सरे आंधी चली अपार ॥ रानि ॥ ८१ ॥ भगी भगगये काटि उडगये दिया पुण्यने आर । होय सपवन देखन लागी पास नहीं काई और ॥ निराधार फिरती फिर सर फरती शोरमकोर ॥ रानि ॥ ८२ ॥ लगी पिदर धन पथ सतीकी अरण्य भतो भयकारा । कंटक आपिसे चरण भिदाया, पडत रक्तकी धारा ॥ सिंह करे गरजाव खाल नदि बहता छाड किनारा ॥ रानि ॥ ८३ ॥ पुण्य प्रभाव कष्ट सब टलिया पहुंची उस बनमोय । देखी निर्जन झोंपडी सरे पिता नजर नहीं आय ॥ छाती फटनलगी रुदनकर पडी धरणि मसगाय ॥ रानि ॥ ८४ ॥

कहां गये पिताजी, भाई दुखियारी पुत्री आपकी ॥ टेर ॥ सेभा उत्सर देख चायमें ठेले करे पुकार । कहां हमारा पिता बतादे मुझपर दया विचार ॥ बाप गया पर लोक रासहग देख मच्या हंकार ॥ कहां ॥८५॥ कौन पाप पूर्वभव कीन्हा हिंसा चोरी मूठ । अनाचारकर शुसाकिया निन्दा कीनी परपूठ ॥ प्रेम हेम कर किसे तपाया, काईपे मारी मूठ ॥ कहां ॥ ८६ ॥ मदिरा मांस ग्रास कर मान्या कुमार्ग कल्यान । सतियों का सत पतित कराया दीन्हा अभ्यास्यान ॥ किस भवका जाग्रत हुआ सरे किमजाणूं, भिनमान ॥ कहां ॥ ८७ ॥ श्री आदेश्वर वीर जिनादिक अनन्त भली अरिहन्त । हरिचक्री मण्डल पति अरु गम

खन्दक परमुख सन्त ॥ कृत कर्म्मों के फल सब भोगे साक्षी देत सिद्धंत ॥ कहां ॥ ८८ ॥ सिया द्रौपदी अंजना सरे मयणारेहा जग जहारी । कलावती पदमावति तारा चन्दना हुई दुख्यारी ॥ हा ! जगमें कर्मोंने किनसे राखी रिस्तेदारी ॥ कहां ॥ ८९ ॥ दिव्य रूप यौवन वय मेरी शील रखन के काज । परमेश्वर की शरण लेयके धरूं नियम ये आज ॥ अञ्जन मञ्जन उवटनासरे स्नान करण एतराज ॥ कहां ॥ ॥९०॥ शिख वेणी बान्धू नहीं सरे नविन वशन परिहार। मुख नहीं देखूं आरसी सरे भूमी शयन त्रिकार ॥ नित्य करूं नवकारसी सरे रइणी में चोविहार ॥ कहां ॥ ९१ ॥ पान सुपारी सरस साग तज सुणू नहीं रंगराग । कर पग धोऊं नहीं हमेशां रखूं मैल का दाग ॥ मुझ प्राणेश्वर मिले नही जब तक है इतना त्याग ॥ कहां ॥ ९२ ॥ फला-धार से रहत बाग में करती शील जतन्न । अवधिज्ञान कर पिता जाणियो कुंवरी कष्ट कठन्न ॥ मूल बाप के रूप आय के तुरत दिया दर्शन्न ॥ कहां ॥ ९३ ॥ हे वत्स यहां पीछी किम आई क्या हुआ हाल तुम्हारा । देख पिता को गले लिपट गई रोवत झारमजारा ॥ सुख सनमुख तुम करो मुझे पण फूटा भाग्य हमारा ॥ कहां ॥ ९४ ॥ सासू श्वसुरा दुखदिया क्या ? कन्त कष्ट में डाली । भल मानस मिले सास श्वसुर मै,घणी कंत को वाल्ही ॥ कर्मोदय सब दुश्मण होके डायिन करी निकाली ॥ कहां ॥ ९५ ॥ दिव्य रूप से दर्शन दिया बाई भय मत कर कोय । मैं करणी कर गया

स्वर्ग में आया तुझको जोय ॥ रूप पलट निज रूप बनावन मे ले लिया दोय ॥ कहां ॥ ९६ ॥ विजय रहेगा सदैव तेरा पती यहां चल आसी । प्रेम सहित पटराणी करसी सौक पाय पछतासी ॥ सासरिया में सबे तरह से बांई शाता पासी ॥ कहां ॥ ९७ ॥ देव स्वर्गमें गया सती बैठी उस बाग मुझार । नयना जल निवारती सरे बेगो मिल भरतार ॥ सुख दुख है तैसा तुम दिलमें होगा नाथ विचार ॥ कहां ॥ ९८ ॥ आप तणा कोई दोष नहीं है मेरे कर्म का जोश । बचा कलंक से लज्जा राखी कमी किया नहीं रोष ॥ तनका यत्न सदा करजो प्रभु करज्या दिल संतोष ॥ ९९ ॥ सास ससुरा सौक ननद का समझ नहीं विरोध । रूप सज्जन सुम नभर दख सुख बैठावेगे गोद ॥ पुष्प सेज पे प्राण पियुसंग किस दिन करूं विनोद ॥ कहां ॥ १०० ॥ लिया योग रूप योगी का सती किया तत्काल । आप जप नमकार का सरे और फिकर सब टाल ॥ प्रेम लगा भवता अब सुनिये कनक कुंवर का हाल ॥ कहां ॥ १०१ ॥

सुन्दर शशि वदनी, तुम बिन मुझ माण थाईना होरसा ॥टेर॥

रात दिवस झूरे घणो सर मनिता विरह अपार । खान पान निन्द्रा तजी घर विष २ करत विचार ॥ ह प्यारी किस दिश गई स सू कर सूनो ससार ॥ सुन्दर० ॥ १०२ ॥ मात पिता समझावे बहु विध क्यों ? पड़ियो जंजाल । इच्छा हा जितनी परणा दू सुन्दर रूप रसाल ॥ वचन हिया में लग कुंवर क तीक्ष्ण शरकी भाल ॥ सुन्दर०

॥ १०३ ॥ कर कारज सुलसां चली सरे पहुंची रुखमण पास । हो नाचिन्त्य कर दीया मूल से तुझ सोकड़ का नाश ॥ सुण कुंवरी सुख मानियो सरे सफल हुई मुझ आश ॥ सुन्दर ॥ १०४ ॥

ज्ञानी फरमावे, दुष्कर वश करणी जगमें मोहिनी ॥ टेर ॥

हर्ष बधाई करी नगर में भेजा दूत महीप । रथ-मर्दनपुर राज्य सभा में पहुंच्यो भूप समीप ॥ विनय करी मेली मुख आगे कम्बेरी नृप टीप ॥ ज्ञानी ॥ १०५ ॥ ऐ राजन् ! मम पुत्री के संग तुमने सगपण धाम । व्याहन हित आये नहीं बैठे क्यों ? लेकर विसराम । अगर परण गये और आपका होगा जग बदनाम ॥ ज्ञानी ॥ १०६ ॥ खुदही आप विचक्षण है प्रभु हम क्या कहें विशेष। तुरत भेजिये व्रात कुंवर को सज परणेतू वेप । चोथमल कहे पड़े फिकर में सुनकर हाल नरेश ॥ ज्ञानी ॥ १०७ ॥ राजा मंत्री कुंवर पास आ समझावे कर प्रीत । सासरिया का दूत आविया बड़ा घरां की रीत ॥ व्यावन काज पधारिये सरे बनी रहें परतीत ॥ ज्ञानी ॥ १०८ ॥ कुंवर उतर देवे नहीं पीछा;'ऋषिदत्ता' से ध्यान । रे मोह अन्धा कुलकी लज्जा क्यों खोवे नादान ॥ वो नारी क्या तेरा हक्क में करती भव कल्यान ॥ ज्ञानी ॥ १०९ ॥ दूत फेर बोला हे राजन् हा ! ना ! उत्तर दीजे । मोटा कुल की मांग छोंड के जग में सुयश लीजे ॥ किसी समय राजों की सभा में फिर उंचो मुंह कीजे ॥ ज्ञानी ॥ ११० ॥ लगा वचन का तीर

नृपके बोला होकर चंड । बेटा अघसा मान मुझे क्यों कर जगत में भंड ॥ जो नहीं आवे दास परण के दीजे दूरी छंड ॥ ज्ञानी ॥ १११ ॥ ज्यों त्यों करके कुंवर मनायो सन्यो भीन्द को बंश । दे सतकार दूतको भेज्यो ते पहुंच्या निज देश ॥ चल्यो परणवा कनक कुंवर अब, पिता तणे आदेश ॥ ज्ञानी ॥ ११२ ॥

रानी रुखमण को; ब्याहन अब चलिया कनक कुमार जी ॥ टेर ॥ बडे २ उमराव साथ में, सेना चार प्रकार । मंगल गाती युवतियां स बहु वाजित्र झणकार ॥ ऋषि दशा के बाग पास आ डेरा दीन्हा डार ॥ रानी ॥ ११३॥ देख बगीचा आनन्द उपनो होय तुरग असवार । कुछ सामंत संग ले अन्दर गयो कुमर सिणगार । दिव्य रूप जोगी का देखी नमन कियो बरम्बार ॥ रानी ॥ ११४ ॥ देख सखी गेमांचित होगई धन्य दिवस है आज । शुभा गमन हुआ प्राणनाथ का सभी सुधर गये काज ॥ प्रेम झरण उलटी हिरद में मिटी सकल दुख दाज ॥ रानी ॥- ११५ ॥ आया राजन् कहां बसो तुम चले कौन से देश । सामंत भाखी सकल बात ब्याहन को चले नरेश ॥ चिप में पद पंकज तुम भेट्या कटी पाप की रेश ॥रानी॥ ११६॥ जोगी कहे तुम रहो चिरंजी; मंगल करो भगवान । सदा सन्यासी सेवसो सरे जब होगा कल्यान॥सकल लोक जोगी तणा सरे करन लग बखान ॥ रानी ॥ ११७॥ पड्यो प्रेम में कुंवर उठे नहीं; सब बोल सुलतान । महाराजा दरी

हुवे सरे जलदी करो पयान ॥ हुई रसवती त्यार जीम लो कुंवर सुणे नहीं कान ॥ रानी ॥ ११८ ॥ सब जन दिल घबरावियां सरे वोहीज दुशमन वन्न । क्यों आया इस रस्ते हो के सोच रह्या सब मन्न ॥ कुंवर कहे तुम यहीं ले आओ मुझ कारण भोजन्न ॥रानी॥ ११९ ॥ थाल मंगाय दुभाग कुंवर कर जोगी को जीमाय । आप जीम निवृत हो बैठा अबतो चलिये राय । पण जोगी की प्रीत कुंवर से क्षिण छोड़ी नहीं जाय ॥ रानी ॥१२०॥ हम जोगी से प्रीत बांध तुम क्यों निज लग्न चुकावो । मैं जब जाऊं परणवा सरे तुम मेरे संग आवो ॥ नहींतर मेरे नियम व्याव का यो मुझ सच्चो दावो ॥ १२१ ॥ हम योगी तुम भोगी कैसे बने परस्पर प्यारा । आखिर हुज्जत कुंवर तजी नहीं जोगी होगये लारा ॥ चली बरात अब कुंवर की सरे ज्यूं गंगा की धारा ॥ रानी ॥ १२२ ॥ बिचमें एक सरोवर देखी जोगी करण सिनान । जा छिपियो जल बीच कुंवर के लगा विरह का बान ॥ फिरे ढुंढतो किधर गये मम जोगी जीवन प्रान ॥ रानी ॥ १२३ ॥ पहर बाद निकला तब बनडे नमन किया हर्षाय । क्यों छिप बैठे आप बिना क्षिण अंतर नहीं खमाय । चल्या नगर कंबेरी बागमें डेरा दिया लगाय ॥ रानी ॥ १२४ ॥ खबर होत लाखों पुर-वासी राज वर्ग के लोग । आय बाग में बीन्द देख कहे भलो मिल्यो संजोग ॥ धन्य भाग हे रुखमण तेरा फलिया सब मन्योग ॥ रानी ॥ १२५ ॥ जोगी कहे कुंवरसे हमतो

रहें भाग के मांय ॥ आतम ध्यान करेंगे प्यारा तू ध्याइन हित जाय । कुंवर कहे तुम साथ चलो; नहीं तो मैं परणूं नाय ॥ रानी ॥ १२६ ॥ क्यों हट पकड़ विघन करता मुझ भजन भाव के मांहि । मैं ब्रह्मचारी तू संसारी हटा प्रीत मुझ तांहि ॥ ज्यों ज्यादा करी तीनपांच तो छोड़ चलूंगा य्हांहि ॥ रानी ॥ १२७ ॥ कुंवर होय दिलगीर नयन से छोडी आंसू धार । सब सामंत सठ से बोले आप करा उपकार ॥ संग में चल परणादो स्वामी बड़पन बिरद विचार ॥ रानी ॥ १२८ ॥ जब मैं चालू संग हमारी कहन उलघे नाय । जैसी कहो वैसी करूं सरे लोपूं नहीं महाराय ॥ चले साथ सब सज्जन मिलके जोगी का गुण गाय ॥ रानी ॥ १२९ ॥ तोरण बांध लिया चंवरी में साधू कर सतकार । बीन्द बीन्दनी हाथ मिलाया ब्राह्मण मंत्र उचार ॥ विधि से ब्याव मनायिया सर खरच्यो द्रव्य अपार ॥ रानी ॥ १३० ॥ परम सेज पधरायिया सरे इन्द्र भवन दिलदार । सरस खाट सुवर्ण जड्यो सरे नवरंग लगी नवार ॥ काम नहीं जोगी का अन्दर कीन्हा आसण बहार ॥ रानी ॥ १३१ ॥ रोम २ हर्षित हो रुक्मण सज उत्तम शृंगार । आ बैठी पियु पलंग पै सर वाली अमृतधार ॥ प्राणेश्वरजी भले पधान्या प्रबल भाग्य अनुसार ॥ रानी ॥ १३२ ॥ ऋषि दया परणी गये पीछा मुझ छोड़ निरधार । राक्षसणी तुमको वश करके कैसो पटक्यो खार ॥ उन दिन से मैं झुरत रही हूं जानत भी किरतार ॥ रानी ॥ १३३ ॥

ऐसा उनसे आप लुभाया कैसा था तस रूप । कुंवर कहे वरणू किम उनका गुण अनमोल अनूप ॥ उन आगे तो तूं दीसत है जैसे दादुर कूप ॥ रानी ॥ १३४ ॥ लाल आंख कर बोली रुखमण विरथा करो वखाण । थी निर-बुद्धि वनचरी सरे परत्यक्ष पशू समान ॥ कला कुशल मुझ सम को जगमें लखो नाथ धर ध्यान ॥रानी॥१३५॥ सुलसां योगन वशकर भेजी तुम नगरी के मांय । रुधिर लगा पदमनि के मुख डायिन का दोष चढ़ाय ॥ सौक साल निर्मूल किया मैं ऐसी कला चलाय॥रानी॥१३६॥

जो सब सुख चाहो, पालो शुद्ध मनसे बुधजन शीलको ॥टेर॥

नाथ आप बहु जतन किया पण चला नहीं कछु-जोर । आखिर आया मुझ परणवा बान्ध शीशपर मौर । कौन कलाकी सागर जगमें मेरे जैसी और॥जो०॥१३७॥ सुनत कुंवर के जगी हियेमें घोर कोपकी ज्वाल। रे हत्यारी किया अकारज देकर झूंठा आल ॥ खेंच खडग उठ्यो रंडी तुझ करदूं आज हलाल ॥ जो सब ॥ १३८ ॥ कुंवरी हल्लो कियो सुनत योगी बोला ततकाल । क्या अकाज करता मुझ आगे तेरा वचन संभाल ॥ हे क्या जुल्म दोडकर आया कम्बरी भूपाल ॥ जो सब ॥ १३९ ॥ तुम पुत्री निरभागिनी सरे किया घोर अन्याय । चिन्तामणि सम मुझ रानीको इण दीन्ही मरवाय ॥ अभी कटारी खायमरूं मैं हिरगिज जीऊं नांय ॥ जो० ॥ १४० ॥ निज पुत्रीको

माय बाप धिक्कारन लग्या अपार ॥ हाय जोड कहे कुंवर से सरे आप बडे सरदार ॥ बीती बात विसारिये सरे हम पर क्षमा विचार ॥ जो० ॥ १४१ ॥ योगी बोला तिरिया कारण, क्यों ? मरता महाराय । तू दिलखाय मरगई नारी पण जीवित दखाय ॥ मुझ मानस मालूम होता तुम मिलेगा आय ॥ जो० ॥ १४२ ॥ कौन स्थान सुन्दर बसे सरे बतलाओ योगीश । अब चतन धीरप नहीं धरता वचन करो बखशीश ॥ योगी कहे इकठोर रहे वा भजन करे निशिदीश ॥ जा० ॥ १४३ ॥ शीलवती निर्मल वणीसरे महिमा बधी अपार । जो मुझको तूं मिलाकरे तो दिखलाई इनवार ॥ तुमको जुदा किम करूं स मुझ उपजे कष्ट फगार ॥ जो० ॥ १४४ ॥ हमको अलग किये बिन तुमको मिले नहीं वो नार । कुंवर मौन कर रहा भयी सब सघमुच प्रेम निहार ॥ जा एकान्त सुमर विद्या बनगई स्त्री आकार ॥ जा० ॥ १४५ ॥ तनपर भूषण विविध अलकृत रमझम करती आई । प्रियतम के पग लगी सुन्दरी, कुंवर दख विषदाई ॥ प्रेमानन्द से हियो उमगियो चिन्ता सब मिटाई ॥ जो०॥१४६॥ मनकी सब इच्छा फलीसर बरस्या जय जयकार । थे मुझको नवजीवन दीन्हा, धन पुन्यवती नार ॥ योगीका पण भूलगया इसमन से एटो प्यार । जा० ॥१४७॥ कुम्वरी रूप देख हुओ हिरद में अधिक उमंग । धन्य सती सबकी पत राखी मांची शील सुचंग ॥ सुर फूलोंकी वृष्टी कीन्ही महिमा बास उमग ॥ जा० ॥

॥ १४८ ॥ शीलथकी सुरवर नमे सरे सागर देवे थाग । शीले सर्प पुष्प की माला शीले शीतल आग । शीले अरि करि केसरी सरे भय जावे सब भाग ॥ जो० ॥१४९॥ सुलसां पे कोपित हो राजा पकड़ाई ततकाल । कान नाक छेदनकर काढ़ी पुरसे बुरे हवाल ॥ सतियां के शिर दोष दिया तो ऐसा मिलसी माल ॥ जो० ॥१५० ॥ ऋषिदत्ता के संग कुंवरजी करता लील विलास । प्राणनाथ हिरदे मे धरिये दासीकी अरदास ॥ मुझसे अधिक समझ रुखमण को करिये नहीं निराश ॥ जो सब सुख चाहो० ॥१५१॥ कंत कहे या दुशमण तेरी सब अनरथ की मूल । दिल टूटो कैसे मिले स तूं सोच न्याय के रूल ॥ अवही से नव प्रेम मिलाओ गई बात सब भूल ॥ जो० ॥ १५२ ॥ ऋषिदत्ता की कहन मान रुखमण से कीन्हो प्यार । माय बाप कहे पुत्री तेरा सुधरगया सब कार ॥ इन दोनों की दास होयके रहिजे कुल व्यवहार ॥ जो० ॥१५३॥ विदा होनकी सीख श्वसुर से मांगी कनक कुंमार । भूपति खंच करी घणीसरे मानी नहीं मनुहार ॥ गज घोडा चेटक चेटी दिया धन कंचन भंडार ॥ जो० ॥ १५४ ॥ सीमा तक पहुंचाय पिता पुत्री को गोध विठाय । दी इम सीख सास नणदी के सदा लागजे पांय ॥ लज्जा क्षमा नम्रता निर्मद मिष्ट वचन सुखदाय ॥ जो० ॥१५५॥ कष्ट पडे कुलरीत तजे मत देव-धार अरहन्त । धर्म केवली प्ररूपीत कीजे गुरु निर्लोभी संत ॥ करजे पठन सिद्धान्त तणा यूं दोनों भव सुधरन्त ॥ जो० ॥

॥१५६॥ कहे कुंवरस आप विचक्षण, या बालक कहवाय। पछे पटकी नाथ आपके लीजो राज निभाय॥ भूप गया पीछा कम्मेरी दो आंसू छटकाय ॥ जो० ॥१५७॥ चली चकाई च्यापीबाग के पास किया अस्थान। निरख हरख हो सुखस आया निज नगरी उद्यान ॥ सुण राजेश्वर सनमुख आया घर मोट महान ॥ जो० ॥१५८॥ सिनगारी नगरी मद्दु मांती घर २ तोरण ताण। किया शहरपर मेव सखी गुण गाती राग रसाण॥ दो नारी का वख्स दखी मुख२ करे वखाण ॥ जो० ॥१५९॥ आय महलमें वाचन बनकी पूरण करी जगीश। सुलसां का करतूव भूषणकर प्रभुको देख महीश॥ हाथजोड कर तूं कुलवन्ती कर कसूर बखसीश ॥ जो० ॥ १६० ॥ मैं हूं पुत्री तुल्य आपहो मेरे पिता समान। किया भवान्तर कर्म जीवने सो भुगत्या यो आन॥ पीछी जगमें उन्मल करदी यो मोटो अहसान ॥ जो० ॥ ॥ १६१ ॥ सवही कीचन करनेलागा धन्यसती गुणवन्त। अवगुण तज गुण ग्रहण किया सुख सेम्भ्यां पाप महन्त ॥ परम प्रीत से रहे दम्पती नाटक सदा पढत ॥ जो० ॥ ॥ १६२ ॥ धर्मघोषसूरीश्वर आया संग संत सत पंच। तीनकाल के ज्ञात तप संयम के गुणकर टंच ॥ भूपत हर्षित होकर भेट्या पंच अभिगम संच ॥ जो० ॥ १६३ ॥ दिया धर्म उपदेश मुनिश्वर यह संसार असार। मात पिता भगिनी सुत नाता किया अनंतीवार ॥ जिन भाषित सत धर्म बिना रुलिया चौगति मंझार ॥ जो० ॥१६४॥ सुन

उपदेश हेमरथ राजा राज कनक को दीन्हा। ले योगारम्भ दुष्कर तपकर कर्म पडल क्षय कीना॥ अनुत्तर केवल लच्छी लेकर शिवपुर का सुख लीन्हा ॥ जो० ॥ १६५ ॥ कनक नरेश प्रजाको पाले न्यायवन्त सुखकार। ऋषिदत्ता के पुत्र हुआ इक सिंहरथ तेज दिदार ॥ एक समय रवि अस्त देख वैराग्य जग्यो उसवार ॥ जो० ॥ १६६ ॥ धर्म-विजय मुनि आये बागमें कर वन्दन सुन बानी। पूर्व भवकी पूछन लागी तब ऋषिदत्ता रानी ॥ राक्षसणी का दोष चढ़ा मुझ ज्ञानी के क्या छानी ॥ जो० ॥ १६७ ॥ इसी भरत में नगर गंगपुर गंगदेव नरपाल। गंगारानी की एक पुत्री गंगसेना सुखमाल॥ भरयौवन में शीलव्रत ले तजा भोग जंजाल ॥ जो० ॥ १६८ ॥ संगम नामा एक साधवी नीवी करत हमेश। मुख २ महिमा फैली जिनकी थें सुण कीन्हा द्वेष॥ राते मांस खाय राक्षसणी धरी दोषकी रेश॥ जो सबसुख चाहो ॥ १६९ ॥ लोक सुणी राक्षसणी थापी निन्दाहुई अपार। खुश हो कर्म निकाश्रित बान्ध्यो रंज न कियो लगार॥ भव रुलती नृप हरीषेण घर आय लियो अवतार ॥ जो० ॥१७०॥ सुवावड़में माता मरी सरे पिता पालना कीन्ही। वन फल खा मोटीहुई स फिर कनक कुंवर को दीन्ही॥ शीलधर्म धारण से यहांपर सुख सामग्री लीन्ही ॥ जो० ॥ १७१ ॥ राक्षसणी का छन्द चढ़ाया सो फल लीन्हा आप। क्रोडयत्न छुटे नही स बिन भुगतायें कृतपाप ॥ सुण हुआ जाती ज्ञान सतीको सत्य किया

इन्साफ ॥ जो० ॥१७२॥ देई पुत्रको राज्य दम्पती लिया योग परखंत। केवल ले मुक्ती गयासेरे पाया सुख अनंत॥ शीतलनाथ प्रभू शासनमें यह वरत्यो विरतंत ॥ जो० ॥ ॥ १७३ ॥ किया चरित निर्मित शालकवत् लई ग्रन्थ आधार ॥ कम ज्यादा का मिथ्या दुकृत यह छद्मस्त विचार॥ पूज्य शिरोमणि धर्मदास तम नाश करण दिनकार ॥ जो० ॥ १७४ ॥ पूज्य एकलिंगदास गुरुकी है मेवाड़ में धाम । "चौथमल" के बसे हियेमें सदा आपका नाम ॥ ब्यांसी के फागुण में भाये सदर शहर रतलाम ॥ अजी जा सब सुख चाहो,पालो शुभमनसे शुध मन शीलका ॥ १७५ ॥ इति मद्रम्-स्थम् ॥

इति श्री कपिदत्ता चरित्र सम्पूर्णम् ।

अथ श्रीमति 'पद्मनी' का आदर्श

तर्ज—ना छेडो गाली दूगोर, भरने दो मुझे नीर।

वोही सत्यवन्ती नारीरे; सत्य राखे तजे प्राण॥ टेर॥ चितौडगढ का राना; श्रीरत्नसिंह कहलाना। सूरजवंशी प्रगटानारे; सत्य राखे० ॥ १ ॥ जिनके घर पद्मिनी रानी; अति शीलरूप गुण खानी। जगमें महिमा फैलानीरे; सत्य० ॥ २ ॥ अल्लाउद्दीन अति तीखा; था बादशाह दिल्ली का। तिन सुना रूप पद्मिनीकारे॥ सत्य ॥३॥ वो ले निज लशकर चढिया; रानाजी से आ भिडिया। कर कपट जाल पकडियारे ॥ सत्य ॥ ४ ॥ दिल्ली में केद कराया; यह भेद पद्मिनी पाया। तब शूरापन चढ आयारे ॥ सत्य- ॥ ५ ॥ लेइ साढा तीनसो नारी; सब वेष पुरुषका धारी। रानाको लाई निकारीरे ॥ सत्य ॥ ६ ॥ जब आया चाल दुबारा; रानाको दगा कर मारा। लिया जान भेद सति सारारे ॥ सत्य ॥ ७ ॥ सति पति का शीश मंगाया; अगनी का कुण्ड रचाया। खडी होके वाक्य सुनायारे सत्य० ॥ ८ ॥ ऐ अग्नी देव सुन बानी; हम हिन्दू कन्या कहानी। इन दुष्ट अनीती ठानीरे ॥ सत्य० ॥ ९ ॥ नहीं तोड़ॉ शील की वरती। दुष्कृत्य नहीं आचरती। यह तन अरपन तुझ करतीरे ॥ सत्य ॥ १० ॥ अतिघोर धकंती ज्वाला; सति कूदपडी ततकाला। संग साढातीन सो बालारे ॥ सत्य ॥ ११ ॥ यों सतियां शील बचाया; तुम

सुनिसो मामो वासो । मानुष्य भव दुर्लभ पासारे ॥ सत्य ॥ १२ ॥ पूज्य एकलिंगदास गुरु खासा; फली चौथ मल की आशा । किया मांडलगढ चौमासारे ॥ सत्य ॥ ॥ १३ ॥ इति मङ्गम् ॥

अथ श्री 'घेवरिया' मुनिराज का वर्णन

तर्ज—ख्याल की:—

मुनिवर घेवरिया, आतम तराकर शिवलोक सिधाविया ॥टेर॥

राजगृही नगरी में वसता; श्रावक श्रीपति नाम । 'सुखदत्त' क्षत्रिय तिण घर रसिया हलधर खेडन काम हो मुनि० ॥ १ ॥ भाग्य योग तपवन्त मुनीश्वर गोचरी करण पधारे । रोम २ श्रावक हुलसायो सुलगये भाग्य हमारे हो मुनि ॥ २ ॥ घेवर एक लग्यो बहरावन अर्ध हम मुनि केवे । खेडुत देख विचार करत यो दूधे ये नहीं लेवे हो मुनि ॥ ३ ॥ रात दिवस में तन तोई पण मुझको देवे नांय । ये क्या लागे इन शाहजी के अपरन स बहराय ॥ मुनि ॥ ४ ॥ पूरण डालदियो पातर में मुनिवर स्थानक आवे । पीछे खेडुत आय मुनिंद का विनय करी बतलावे ॥ मुनि० ॥ ५ ॥ भावे जितना आप लीजिए पछे सो हमको दीजे । साधू विन हुक्म मिले नहीं लेना तो योग

ले लीजे ॥ मुनि ॥ ६ ॥ खेडुत के मन घेवर वसियो आज्ञा सेठ की लीन्ही । धर उमेद गुरुपास आविया मुनिवर दीक्षा दीन्ही ॥ मुनि ॥ ७ ॥ घेवर दीन्हा गुरुदेव नित उत्तम आहार खिलावे । सूत्र भणावे रहस्य बतावे घटमें ज्ञान जचावे ॥ मुनि ॥ ८ ॥ रसाशक्त को मुक्त मिले नहीं सीखत चढ्यो वैराग । गुरुमुख से लिया याव जीव तक सर्व विगय का त्याग ॥ मुनि ॥ ९ ॥ जम्बुक जिम योगारंभ लीना पाल्या सिंह समान । कर्म खपाय गया शिवपुर में हुआ सिद्ध भगवान ॥ मुनि ॥ १० ॥ पुज्य एकलिंगदास गुरूजी दिया हुकम परकाश । चौथमल किया साल गुण-यासी लाखोला चौमास ॥ मुनिवर ॥ ११ ॥ शम् ॥

उपदेशी—फटको ।

तर्ज—सीता हे सतवन्ती नार सदा गुण गावनारे—

बलिहारीहो श्रावकजी थांका गामकी हो । साधू आया पण
फुरसत नहिं शुभे और स्यामकी हो ॥ टेर ॥

थेंतो घर धन्धा में लागा; दर्शन करने की नहीं मागा । वखान सुनना तो रह्या आघा; फसिया जगत जालमें नहीं अधघडी विसरामकी हो ॥ बलि० ॥ १ ॥ होत प्रभात सजाया घोडा । देवे गामडियां में दोडा । फिर कहे साधु श्रावक का जोडा; वाह वा भली [illegible]

नामकी हो ॥ चलि० ॥ २ ॥ मोटा गांव देख मुनि आयां सपर सुनसी भायां चायां। करसी पौशा दया समायां; पिण यहां दीख नहीं कुछ रीत भीव परिणामकी हो॥ चलि० ॥ ३ ॥ नोंता पांच कोस का आवे; झटपट पोशा ऊठ सजावे छोटा मोटा सब मिल आवे; प्रा यहां धर्म काम में क्यों ? हुई नीत हरामकी हो ॥ चलि० ॥ ४ ॥ दर्शन करण दिखावर आवे; यहां पडु भक्ती भ्रम बनावे। जो मुनि कभी चाल यहां आवे; तो मुख भी न दिखावे या भक्ती किस कामकी हो ॥ चलि ॥ ५ ॥ कोईक आवत पेगा मोडा; किसीने किया कोल भी तोडा। हुआ पर्यूषण रुपा नक छोडा; साधू फेरो ठकर माला रामश्यामकी हो॥चलि ॥ ६ ॥ पूवो श्रावक बाजे माजी; मागे कर २ बहानाबाजी। ऐसे संत हुवे किम राजी; मैंतो देखी पुगला मक्ती भाव तमाम की हो ॥ चलि ॥ ७ ॥ जुगला चाली कर पोमावे; चक्कर सो सो मण गलवाव। पिरथा धनमें आग लगावे; जीवदया के कारण कोड्या नहीं छदामको हो ॥ चलि० ॥ ८ ॥ बीत्या जनम इसीमें सारो; अबतो आतम काज सुधारो। जासे सुख स स्वर्ग पधारो; चौथमल समय देख या चौटी लेन मदामकी हो ॥ चलि ॥ ९ ॥ इति ॥

पाक्षिक पर्व-जिन कीर्तन.

तर्ज-ख्यालकी

इण पख्खीपर्वका, करिये शुद्ध मनसे क्षमत क्षमावणा ॥ टेर ॥

ऋषभ अजित संभव अभिनन्दन जयवन्ता जिनराज । सुमति पद्म सुपार्श्व चन्द्रप्रभ जगजल तारण जहाज हो, इण० ॥ १ ॥ सुविधि शीतल श्रेयांस वासुपुज्य वासव-पूज्य जिनेश । विमल अनन्त धर्म शान्तिजी शान्ति करण हमेश; ॥ इण ॥२॥ कुंथु अर मल्लि मुनि सुव्रतजी भानसमान महान । नमि नेमि पार्श्व शासनपति भगवंत श्री वर्द्धमान हो; इण० ॥ ३ ॥ अतीत काल अरिहन्त अनन्ता पाया अविचलराज । विहरमान महाविदेह क्षेत्रमें बीस विचरता आज हो; ॥ इण ॥ ४ ॥ सबका जाप साफ दिल करके पाप मेल झटकाओ । मैत्री भाव सब जीव साथ कर वैर विरोध मिटाओ ॥ इण ॥५॥ महापुण्य से मिला जैन कुल; रखो सुभाव प्रमोद । साल चौरासी चौथमलजी किया चौमासा कोटहो; ॥ इण पख्खी पर्वका, ॥६॥ इतिभद्रम् ॥

सूचना.

इस पुस्तक का उघाड मुंह स रोशनी क आगे तथा पाजिन्तरों की सान पर पढने की सख्त मनाई है।

इस पुस्तक की आवश्यकता हो तो सिफ दो पैस का टिकट भजकर निम्न पते स मंगवालें।

बगतावरमल नारमल पो० अजड़ (बडवानी)
Po. Anjar Barwani C I

इन्हीं मुनि श्रीजी कृत "हंस वत्स चरित्र" इसी तर्जमें एक रुपये की ७ प्रति नीचेके पतेपर मिलती है।

सेठ गुलाबचन्दजी दीपचन्दजी राठोड मु०रायपुर स्टेशन पंचपहाड (होलकर राज्य) Raipur

ओसवाल मुहारमल मिश्रीलाल पालरेचा
क
जैनबन्धु प्रिंटिंग प्रेस पीपलीबाजार इन्दौर में छपा

श्री श्री १००८ श्री

अमोलकऋषिजी

का

जीवन-चरित्र

(पद्यमय)

लेखक और प्रकाशकः-

धर्मपाल मेहता

मिलने का पताः-
धर्मपाल मेहता
श्री जैन गुरुकुल ब्यावर.

प्रथमावृत्ति १०००

मूल्य पांच पैसे

वीर सं २४६४
वि स. १९९४

अमोलकऋषिजी

का

जीवन चरित्र.

——:o:——

तर्ज़-राधेश्याम रामायण.

प्रशस्त शुभ्र मरु-भूमि मेडता, नगर सुरमणिक अरु राजित।
धर्म-दीप 'कस्तूर' सेठ यश, परिमल से थे अति भ्राजित ॥१॥
श्रीमन्त आर्यकुल भूषण थे, श्वेताम्बर मूरत पूजक थे।
शुभ्र मालवा प्रांत 'आसटे', में निवास को उत्सुक थे ॥२॥
सरल, शुद्ध, शम, सम्यक्त्वी, श्री स्वर्ग सिधार हुए नामी।
ज्येष्ठ पुत्र, मध्यम सुत पत्नी, बने आपके अनुगामी ॥३॥
विकराल काल गति देख मोह तज, दीक्षित हो जवराबाई।
धर्म सहचरी पूर्णतया व्रत पाल, अमर सद्गति पाई ॥४॥
प्रतिमा पूजन, प्रतिक्रमण रत, परपरा गत व्रत प्रतिपाल।
केवल 'केवल' व्यथा व्यथित हो, किया प्रयाण ततः भोपाल ॥५॥
परिवर्तित जीवन में श्री के, हुए अनेकों परिवर्तन।
आधि व्याधि से मुक्त बनू मैं, प्रतिक्षण रखते यही रटन ॥६॥
हुआ आगमन तत्क्षण शुभ ऋषि, 'कुँवर' एकांतर धारक का।
करते शतशः अमियपान जन, मृदुल, स्वल्प संभापक का ॥७॥

वक्तृत्व श्रवण न करते 'केवल' मत मूर्ति अनुयायी थे।
हठ पूर्वक लगाये 'पूज्य' श्री सत् धर्मी औ त्यागी थे ॥८॥
शुद्धस्कन्ध आगम को सुनकर हृदय ज्ञान से पूर्ण हुआ।
उत्कंठा से श्रावक व्रत कर दूर विषयों से पूर्ण हुआ ॥९॥
प्रतिक्रमण, पच्चीस बोल फिर, किये कण्ठस्थ श्री ने आरम्भ।
प्रबल लालसा मुनि बनने की अतः राह पर रहे तटस्थ ॥१०॥
किन्तु कर्म वश हुआ लग्न गृह, आई सुदु दुखदाई।
अकस्मात् क्षणभंगुर तन तज, स्वर्ग गई वा सुत माई ॥११॥
तब पुन पर कन्या वर ने, किया प्रयाण स्वकीय मरु देश।
मध्यमाग रतलाम ठहर कर किया श्रवण श्री 'धर्मोपदेश' ॥१२॥
बहुश्रुत 'कस्तूर' सपत्नी, ब्रह्मचर्य व्रत पालक थे।
विष की प्याली सहज गिरी थी अब 'केवल' के तारक थे ॥१३॥
पूज्य उदय ने भी फरमाया क्यों श्री को ललचाते हो।
पी विराग की मधु प्याली क्यों पुनः अन्न को गाते हो ॥१४॥
चित्त में असर हुआ अधिकाधिक शीघ्र लौट आये गृह को।
आजीवन व्रत ब्रह्मचर्य कर किया नष्ट सब आग्रह को ॥१५॥
एक वर्ष पर्यन्त किया श्री ने भिक्षाटन मधुकर सम।
आग्रह था श्री का मुनि बनना आया वह अवसर उत्तम ॥१६॥
दीक्षा ले शुभ वेला में श्री!, व्यस्त हुये ज्ञानार्जन में।
शिष्य पूज्य 'सुखा' के स्वामिन्! ततः लगे तप अर्जन में ॥१७॥
एकाधार तपस्या तपते चतुर्मास अन्यान्य शहर।
फिर पूज्य ने शांति सुधाकर से, मदिरा मांस छुड़ा भीषण ॥१८॥
'अमी' अमोलक अल्प आयु के, सद्गुण मनोहर श्री! युत थे।
पुखराज परम सुत धर्मशील वैराग्य भावना से युत थे ॥१९॥
कविवरेन्द्र श्री तिलोक ऋषि के, शिष्य रत्न गये इच्छाधर।
दर्शन इच्छुक केवल मुनि के आतुर थे दोनों सुखकर ॥२०॥

पित्र साधु अवस्था लख कर, पूर्ण विराग हुआ तत्काल।
श्री 'अमोल' दस वर्ष आयु मे, बने साधु षटकाय कृपाल ॥२१॥
'केना' ऋषि के बने सुशिष्य अरु, समझा जैनागम का तत्व।
स्वल्प काल मे 'पूज्य' तथा 'गुरु', वर्य किन्तु पाया पचत्व ॥२२॥
यावत श्री 'केवल' ने एकल, विचरण 'श्री' से नहीं किया।
तावत् पूज्य पिता आज्ञारत, ज्ञानाराधन ध्यान दिया ॥२३॥
तत्पश्चात् रहे श्रीजी ऋषि, 'भेरु' स्वामी के आश्रय मे।
प्रथम शिष्य बने श्री 'पन्ना', अष्टादश की लघुवय मे ॥२४॥
मार्ग शीर्ष में 'रत्न' स्वामि के, हुए विवेकी सहचारी।
शास्त्राभ्यास कराया श्री को, योग्य पात्र लख सदचारी ॥२५॥
ततः विवेकी, सुखप्रद 'मोती' बने, आपके शिष्य महान्।
किन्तु दैव वश बबई मे ही हुआ आप का तन अवसान ॥२६॥
'घोड' नदी के चातुर्मास में, हुआ ज्ञान का दिव्य प्रकाश।
पूर्ण तथा प्रारभ किया था, तब ही श्री ने 'तत्व प्रकाश' ॥२७॥
वृद्धावस्था अवलख पिता की, सेवा मे सलग्न हुये।
हनुमान गली बबई में श्री सह, पितृ सन्त प्रविष्ट हुये ॥२८॥
ततः 'रत्नचिन्तामणि' मण्डल, किया तत्र श्री स्थापित।
'जैना मूल्य सुधा' पुस्तक भी, पद्य बद्ध की परकाशित ॥२९॥
कार्य अर्थ सुश्रावक 'पन्ना', मिले सफल माना जीवन।
आवागमन अभाव सन्त का, हृदय विदारक है क्षणक्षण ॥३०॥
अतः हैदराबाद नगर में, चतुर्मास अत्यावश्यक।
श्रवण करेगी सदुपदेश को, परिषद् जैनागम विषयक ॥३१॥
चतुर्मास के पूर्व दिवस प्रस्थान, किया हैदर आबाद।
'इगित प्रति ए 'धर्मतत्व' वित, रण कर गये औरगाबाद ॥३२॥
मध्य राह में शीत-उष्ण श्री, सहे धीर बन कर परिषह।
चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 'हैदरा', पहुच गए श्री सन्तोसह ॥३३॥

तीन वर्ष—पर्यन्त एक टक, किया अमोलक ने आहार।
सद्व्यय कर 'ज्वाला' ने छपवा, नाम रखा 'आगम भण्डार' ॥४७॥
इसी मध्य मे 'मोहन' ऋषि को, दीक्षा दी लख कर शुभ पात्र।
न्याय काव्य, व्याकरण कोष, कण्ठाग्र किये थे श्री ने शास्त्र ॥४८॥
किन्तु तपस्वी 'देव ऋषी' अरु, 'मोहन' स्वर्ग गए जग तात।
लाला 'सुख' भी स्वर्गारोहन, कर गए हुआ वज्र आघात ॥४९॥
शास्त्र कार्य को पूर्ण किया श्री, शुभ बल पा शुभ हस्त कमल।
विनय विनम्र करी सुश्रावक, ज्ञाता सब विधि श्रेष्ठ 'नवल' ॥५०॥
कर स्वीकार विनय जलदी, प्रस्थान किया श्री 'यादगिरी'।
कर्नाटक मे विचरण करते, जन मन की सब भ्रांति हरी ॥५१॥
कीर्ति चन्द्रिका तुल्य प्रसारित, थी जगतीतल मे चहुँ ओर।
इस प्रकार श्री विचरण करते, शुभागमन किया बंगलोर ॥५२॥
मध्य राह मे नाना परिषह, सहते पहुँचे दे उपदेश।
पौषध शाला, विद्याशाला पुस्तक आलय कर निदेश ॥५३॥
'गौश्त' 'इरन' म्लेच्छों से श्री ने, नियम कराया हिंसा का।
धर्मोन्नति का झंडा श्री का, लहरा सत्य, अहिंसा का ॥५४॥
'अमी' ऋषी के राजकोट से, आए तत्र नवीन विचार।
सम्प्रदाय को उन्नत करके, तदनन्तर तुम करो विहार ॥ ५५॥
'रत्न' ऋषीजी ने भी श्री को, सद् उपदेश दिया मन का।
अतः ज्येष्ठ मुनिवृन्द उल्लंघन, नहीं किया श्री आज्ञा का ॥ ५६ ॥
सघ विनय स्वीकृत कर श्री, महाराष्ट्र मे किया प्रयाण।
'सूरज' 'धोका' 'ज्वाला' आए, जीवित जिनसमाज के प्राण ॥५७॥
वीर जयति मना सोलापुर, त्वरित पधारे करमाले।
स्वागतार्थ पताकाएँ जन, लगा हर्ष जय ध्वनि बोले ॥५८॥
मधुर भाष, शान्तयादि गुणों से, हुऐ विनोदित सब ही जन।
चतुर्मास की स्वीकृति हित भी, हुऐ विनीत सभी के मन ॥ ५९ ॥

रोग असाध्य समझ सथारा, श्री ने उनको दिला दिया।
अमर आत्मा किन्तु देह तज, सीधा स्वर्ग सुमार्ग गया ॥७२॥
तत्पश्चात पधारे श्री जी, "रंभा जी" भी मनमाडे।
चतुर्मास भी यहीं हुआ अरु, शतश. जीव गए तारे ॥७३॥
चतुर्मास पश्चात धूलिया, श्री ने शीघ्र विहार किया।
हुए राज ऋषि चक्षु विहीना, अतः अत्र चौमास हुआ ॥७४॥
फागुन कृष्णा एकादश को, राज ऋषी जी स्वर्ग गए।
निर्वाणोत्सव किया 'हेम' ने, वेही तो कृतकृत्य हुए ॥७५॥
तदनन्तर श्री गए 'कांगरो', किन्तु रहे श्री जी एकल।
वैमनस्य के कारण सबही, सन्त अत्यधिक थे बेकल ॥७६॥
धुलिया नगर निवासी गण ने, सुना हाल जब यह सारा।
अत्याग्रह है करो सुपावन, धुलिया सघ अति दुखियारा॥७७॥
ततः पूज्य ने बन पर्वत में, तपाचरण अभिलाषा की।
सानुरोध था श्रावक गण का, अत तपस्या आशा की ॥७८॥
घोर तपस्या के कारण श्री, नेत्र रोग से ग्रसित हुए।
श्रावक सङ्घ विनय से स्वामी, औषध में संलग्न हुए ॥७९॥
चतुर्मास भी हुआ धूलिया, ज्ञान लता थी विकसाई।
माघ मास 'सायर' सन्मुख जी, दीक्षा पद्मकँवर बाई ॥ ८० ॥
तीन साधु जो वियुक्त हुए थे, सन्मति पाकर हुए कृतार्थ।
अति आग्रह से किया सम्मिलित, समझाया इसका सत्यार्थ ॥८१॥
तृतीय हुआ चौमास अत्रही, उपदेशामृत पान किया।
जगवय भ्राता सेठ 'अमी' ने, शाला मे अतिदान दिया ॥८२॥
हैदराबाद निवासी 'जमना', 'राम' कीमती भी आए।
व्रतस्कन्ध ले ब्रह्मचर्य का, रामलाल जी हर्षाये ॥८३॥
'जैन तत्व प्रकाश' थोकडे, छपा अमूल्य वितरण करदी।
वस्त्रादान दिया, दुखियों की, सारी पीर तुरत हरदी ॥८४॥

अति त्वरित इन्दौर पधारे, 'मोहन''देव''विनय' आनंद।
महा सती श्री रत्नकँवर जी, तथा आए श्री ताराचन्द ॥९८।
सन्त साध्वी गणना त्रेसठ, ठाणे की थी उत्सव में।
सभी सम्प्रदा के साधू थे, पदवी पूज्य महोत्सव मे ॥९९॥
मालव, दक्षिण, कच्छ, काठिया, वाड वीर मरुस्थल के।
खान देश, गुजरात तथा, पजाब भूमि भुसावल के ॥१००
आगन्तुक थे इक सहस्र, अन्यान्य नगर वासी उसवक्त।
तैयारी थी सब कुछ, चद्दर, देने की देरी थी फक्त ॥१०१
जेठ सुदी बारस बुध शुभ दिन, धर्म 'हुकम' सुखशाला में।
पदवी पूज्य स्वदेशी चद्दर, प्रदान की शुभ वेला में ॥१०२
सम्प्रदाय ऋषि पूज्य अमोलक, का होना था अति सुखकार।
हर्ष गगन भेदी कर माना, बोल पूज्य की जय जय कार ॥१०३
ग्रामान्तर जनता का भोजन, किया प्रबन्ध श्री 'जमना' ने।
आदि अन्त तक बने सहायक, किया परिश्रम 'ज्वाला' ने ॥१०४
'ऋषि श्रावक समिती' भी की, मध्याह्न काल मे स्थापित।
जैन गुरुकुल की अपील, स्वीकृति पर थे सब ही बाधित ॥१०५
जैन समाज भूषण लालाजी, दानी पूगलिया सरदार।
बडी रकम गुरुकुल में देने, दोनों के थे भाव उदार ॥१०६॥
पूज्य महोत्सव पूर्ण हुआ थी, पूज्य विहार किया तत्काल।
चतुर्मास स्थान बताकर, पहुच गये श्रीवर भोपाल ॥१०७॥
जैन अजैन सभी ने मिलकर, श्रद्धापूर्ण किया स्वागत।
मोडों के थानक में ठहरे, आई परिषद दर्शन हित ॥१०८॥
कई अजैनी बने सुजैनी, आते सुनने नित उपदेश।
दान तपस्या हुई खुब थी, वीर सुनाते थे सन्देश ॥१०९॥
वृहत-साधु सम्मेलन सम्मति, हित आया डेप्यूटेशन।
सेठ 'अमी' ने किया प्रबन्ध, शिक्षक को भी दी सब वेतन ॥११०

पच नियुक्त किए थे दोनों, दल वैमनस्य मिटाने को।
श्री 'अमोल' 'मणि' नाम 'रत्न', 'काशी' थे सुख उपजाने को ॥१२४
पारस्परिक विरोध मिटा, द्वादश सम्भोग कराए थे।
चैत्र सुदी दशमी बुध को, अजमेर पूज्य श्री आये थे ॥१२५॥
श्रावक वृन्द वदन श्री लख ने, सन्त वृन्द सह आए थे।
समझए क सुविशाल भवन मे, लेजा अति हर्षाए थे ॥१२६॥
विराट सभा में हुआ मगलाचरण, साधुओं का भाषण ।
पूज्य अमोल ने सम्मेलन, 'साफल्य' विषय पर दिया भाषण॥१२७॥
इसी भवन में पृथक पृथक, भागों मे मुनिगण रहे सभी।
वट तरु परिमण्डल आकारी, नीचे भाषण हुए तभी ॥१२८॥
प्रातः, साय, ज्ञानी, ध्यानी, मुनिगण देते थे भाषण।
जैन अजैन श्रोताओं से परि, पूर्ण हुआ था तब प्राङ्गण ॥१२६
वैशाख शुक्ल दुतिया को सोनी, हरिश्चन्द्र को दीक्षा दी।
संस्कारित हरि नाम ऋषी था, पूर्ण रूप से शिक्षा दी ॥१३०॥
दीक्षा उत्सव व्यय 'ज्वाला ने, किया नाम था अमर किया।
दीक्षा स्थल पर अगणित जनता, ने भाषण रस पान किया ॥१३१
साधु साध्वी ने भी श्री के, अनुपम गुण का गान किया।
आनन्दित मन से सब ने ही, श्री का जय जयकार किया ॥१३२
कोमल हृदयी रत्न ऋषी, आनन्द विनययुत किया विनय।
चतुर्मास हो नगर सादडी, कष्ट मिटाने है अनुनय ॥१३३॥
बडी हरी ऋषी को दीक्षा, देकर तुरत विहार किया।
ब्यावर, बगडी, सोजत, पाली, और सादडी गमन किया ॥१३४॥
रत्न कँवरजी ने ठाणे नौ से, चौमासा किया यहीं ।
दर्शनार्थ मेवाड, मालवा, दक्षिण से आए सबही ॥१३५॥
सम्मेलन नियमों का पालन, करवाने दुर्लभ श्री हेम ।
मंगलाचरण स्वरूप पधारे, बढा अत्याधिक था तब प्रेम ॥१३६॥

जिन समाज सुपथ ध्यासा भी, दर्शनार्थ श्री के आये।
महेन्द्रगढ़ विनती स्वीकृति सुन मन में थे अति हर्षाए ॥१३७
सोहेराम पधारे जब श्री, 'कुसुम' श्री का पत्र मिला।
संशोधन हित शास्त्र पधारे, जयपुर आमन्त्रण का मिला ॥१३८
पूज्य पधार पाली, 'मोहन', मंत्री 'आत्मा' सम्मेलन।
हुआ परस्पर विचार विमर्श, करने शास्त्र सुसंशोधन ॥१३९
पूज्य पधारे शहर कोटपुर, 'राम' पधारे स्वागत को।
तथा मेड़ते कर्म-भूमि श्री, गए त्वरित ही निरखन को ॥१४०
तदनन्तर पुष्कर में श्री का, हुआ आगमन सुखकारी।
यथा मन्दिर 'ऋषभ' जिनमुख, पतिभुव था सुखकारी ॥१४१
होते हुए किशनगढ़ श्रीवर जयपुर शीघ्र पधार गए।
'रत्न' आत्मा' 'काशी सन्तों' सह के द्वारा आप गए ॥१४२
प्रातः आठ बजे से दस मध्याह्न एक से चार बजे।
शास्त्रविरोध संशयास्पद विवेचनों के साथ सजे ॥१४३
'राम बाग-चिड़िया घर' देखा, दर्शनार्थ 'आत्मा' आए।
मध्याह्न श्री 'चम्पू' 'अमर' सम्मेलन से भी हर्षाए ॥१४४
नारनौल हो पूज्य अमोलक महेन्द्रगढ़ भी पहुँच गए।
पूज्य श्री 'श्याम, सज्जन काशा परिवार पधारे दर्श किए ॥१४५
स्थानक में पूज्य अमोलक, 'मोती' एक पाठ बैठे।
मंगलाचरण सुना, भीखाशा, अतिथि भवन में श्री पैठे ॥१४६
पूज्य विराजे नो महीने तक हुए अनेकों ही व्याख्यान।
सपरिवार पधारे लाला जैन अर्जुन किया रस पान ॥१४७
तदनन्तर श्री सब्जी मण्डी में कुछ दिवस बिताए थे।
भोसागमन पे जिन प्रभा श्री भीषण रस को लेते थे ॥१४८
तब पूज्य ने सानुरोध से यू पी तरफ विहार किया।
यमुना भावों के पुल से कर पार पंजाब विहार किया ॥१४९

इस प्रकार वरसत, अम्बाला, पटियाला से नाभा को।
आए 'रामस्वरूप' 'अमर' कवि, निरखनश्री की आभाको ॥१५०
ततः पधारे मलर कोटला, स्वागतार्थ आए श्री सन्त।
'रत्नचन्द्रजी' 'काशी' आए, प्रसन्नता का था नहिं अन्त॥१५१
ततः पूज्य ने इच्छा की गुरु, कुल पॅचकूला जाने की।
किन्तु पूज्य श्री सोहन की, इच्छा दर्शन थी पाने की ॥१५२
'पूज्य' पूज्य श्री सोहन गुरुतम, आज्ञा को टाला नहीं ज़रा।
अमृतसर विहार की स्वीकृति, दे सब का मन किया हरा॥१५३
जालधर में महासती विदुषी, श्री 'पार्वती' जी पास।
करी पूज्य ने शास्त्र सुचर्चा, दिव्य ज्ञान का हुआ प्रकाश॥१५४
ततः पधारे केजडियाले, पत्री-परम्परा झगडा था।
वैमनस्य नशा आपस का, श्री ने प्रेम पसारा था ॥१५५
तदुपरांत अमृतसर श्री जी, ठहरे गेंदामल उपवन।
जन समूह खबर पा उमडा, आए सन्त पूज्य सोहन ॥१५६
पूज्य पधारे निज सन्तों सह, 'श्री सोहन स्थानक में।
प्रेमालाप परस्पर का था, दर्शनीय स्थानक में ॥१५७
तदनन्तर जालन्धर बॅगिया, नयाशहर राहो रोपड।
उपाध्याय श्री आत्मरामजी, आए सब सन्तों सह बढ ॥१५८
पचकूल हित किया त्वरित, प्रस्थान पूज्य ने मगल प्रद।
'ज्वाला' 'जमना', गुरुकुलवासी, सादर स्वागत किया सुखप्रद॥१५९
पूज्य विराजे सामायिक के, भव्य भवन सुखकारी में।
प्रशान्त वातावरण मनो, मोहक था गुरुकुल वासी में॥१६०
निर्झर झर झर कल कल स्वर कर, अविरल गति से बहते हैं।
पक्षीगण के मधुर सुगायॅन, मन आनन्दित करते हैं ॥१६१
शारीरिक, आध्यात्मिक, मानसिक, उन्नति में बढकर गुरुकुल
[illegible] से मंगल होने का, कारण है केवल गुरुकुल ॥१६२

लालाजी श्री यहां पधारे, भाषण लाभ उठाने को।
शुभ दान दिया कइयों को, दुख से मुक्त कराने को ॥१७६
संवत्सरी के दिन अगणित, श्रोतागण ने रस पान किया।
अगणित गुण से भूषित श्री का, सब ने ही सत्कार किया ॥१७७
श्री 'गिरधारी' ने तब ही, प्रस्ताव रखा यह श्री सम्मुख।
'जैन दिवाकर' पदवी दी, प्रतिदिन हो उन्नति के उन्मुख ॥१७८
तत्पश्चात पूज्य फरमाया, गुरुतर भार क्यों देते हो।
एक पूज्य पदवी श्रेयस्कर, व्यर्थ वहन क्यों रखते हो ॥१७९
श्री गिरधारी आग्रह से, श्री पूज्य पधारे हाई स्कूल।
'सर्व मान्य धरम' पर भाषण, दिया सभी के था अनुकूल ॥१८०
पूज्य अमोलक के दर्शन हित, आये दूर दिशावर्ती।
व्याख्यानों में प्रतिदिन मिश्री, की डलियां भी थी घुलतीं ॥१८१
आश्विन कृष्णा नवमी को, आये थे पंच अमृतसर से।
आवश्यकता है इसकी श्री, अब वीर सन्देश जगत सरसे ॥१८२
पूज्य अमोलक ने फरमाया, स्पर्शना जैसी होगी।
सम्प्रदाय सम्मेलन दक्षिण, में जल्दी करनी होगी ॥१८३
कार्तिक कृष्णा दुतिया को, श्री हेमचन्द्र प्रमुख आए।
समाज के संगठन विषय पर, चर्चा कर मन हर्षाए ॥१८४
जैन समाज भूषण लालाजी, भी आए दर्शन को थे।
वकील, राज कर्मचारी भी, भाषण सुनने आये थे ॥१८५
दीपमालिका दिवस पूज्य ने, वीर प्रभो के जीवन पर।
दिया रहस्य मयी भाषण था, श्री ने परिषद् को सुख कर ॥१८६
गंगादेवी ने निज आधा, भवन धर्म हित दान दिया।
कार्य रूप में परिणित हो, व्याख्यान पूज्य ने प्रथम दिया ॥१८७
लौंका जयन्ति मनाने को, श्री ने जन को उपदेश दिया।
मिगसर पूर्णिमा को श्री ने लौं, का जीवन था सुना दिया ॥१८८

चिम्मनसिंह लोढ़ा के प्रबन्ध से श्री महावीर प्रिंटिंग प्रेस
ब्यावर में मुद्रित। १०००—९ ३७

गंग तरंग (१)

ॐ

जिन-भक्ति

प्रकाशक.—
मुहता सिम्भूमल गंगाराम

जिन-भक्ति

लेखकः—सूर्यभानु डाँगी

प्रकाशकः—

मुहता सिम्भूमल गंगाराम, बलूंदा

(मुहता छगनमल)

प्रथमावृत्ति २०००	मूल्य सदुपयोग	वीर स २४६२ वि स १९९२

ॐ

भूमिका

इस संसार में संगीत का माहात्म्य कितना अधिक है, यह अधिक कहने की आवश्यकता नहीं 'सगीतम्पचमो वेद:' इससे यह स्पष्ट होता है कि हिन्दुओं के परम पुनीत-वेदों के समान सगीत का भी स्थान है। सगीत आध्यात्मिक रसास्वादन करानेवाली, शोक पूर्ण हृदयों को प्रफुल्लित करनेवाली कायरों की कायरता को दूर करके घोर सग्राम करानेवाली और जड में चेतन्य का दर्शन करानेवाली एक विलक्षण सजीवन बूटी है। दीपक-मल्हार आदि इस के लिये प्रत्यक्ष प्रमाण है कि सगीत प्रकृति के नियमों को भी उलघन करने वाला एक अनुपम जादू है। सगीत शास्त्र विषयक आधुनिक, वैज्ञानिक प्रयोगों से वे गान नृत्य आदि के लिये एकत्रित होने वाले जन समुदाय की अभिरुचि से यह भी स्पष्ट है कि सगीत का प्रभाव लोकपर कितना अधिक पड़ता है। 'संगीत भक्ति रस का एक अनुपम साधन है' इससे आकर्षित होकर श्री 'भास्कर जी' ने आधुनिक ढग पर यह जिनेन्द्र देव की भक्ति रची है। उस वीतरागी जिनदेव के अनुपम गुणों का वर्णन बडे २ योगी राज भी नहीं कर पाते तथापि रचियता महोदय ने जिनभक्तों के लिये भक्ति रस प्रकटाने का एक अच्छा साधन उपस्थित किया है।

विनीत-

'माधव' जैन न्यायतीर्थ

प्रधान-अध्यापक

श्री मूथा जैन विद्यालय, बलूदा

॥ ॐ ॥

मेरे शब्द

बड़े आदमी कहते हैं कि पहिले कल्पवृक्ष होते थे, और वे प्राणियों के कष्ट नष्ट करते थे। अब भी कल्पवृक्ष हैं और वे हमारे सब दुःखों को दूर करते है। उनका नाम है सत्य शील और सतोष आदि। इन वृक्षों को सिंचन करने वाली है "जिन-भक्ति" 'जिन' का अर्थ होता है राग द्वेष को जीतने वाला। और जो राग द्वेष को छोड कर निष्पक्षता से सब धर्मों का समन्वय करता हुआ किसी एक धर्म पर मोह नहीं कर के अर्चा करने योग्य अर्हंत अर्थात् पूजा करने योग्य पूज्य पुरुष की आराधना करता है वही सच्चा जैन है, जिन भक्त है। उसी को सत्य शील और शाति के दर्शन हो सकते है प्रत्युत जिसके हृदय में पक्षपात, हठाग्रह और राग द्वेषादि जिन-विद्रोही दुर्गुण हैं, उसको कभी चिर शांति प्राप्त नहीं हो सकती—मोक्ष लाभ नहीं हो सकता।

जिनेन्द्र भगवान का यह उपदेश है कि सम्प्रदायो के विना धर्म नहीं टिक सकता विभिन्न सम्प्रदाय और मत मतान्तर धर्म के साधन हैं। इसीलिये उन्होंने अनेकांत का आविष्कार किया। स्याद्वाद दृष्टि मय विशाल विचारों का प्रचार किया। और सब सम्प्रदायों मे एकता ढूढने का मार्ग बताया। देश काल, भाव के अनुसार सम्प्रदाय वनता है जिस तरह जल को कोई नहीं वनाता उसी तरह धर्म को भी कोई नहीं वनाता। वनाये जाते है तीर्थ, कुए, तालाव, वावडी। उसी तरह से वनाये जाते है—सम्प्रदाय, मत-मतांतर। सम्प्रदाय पथ आदि स्वय धर्म

मों है। ये धर्म के आधार हैं। इन्हें आवश्यकतानुसार हम बनाते हैं। यह अमूल्य उपदेश देकर भगवान ने सम्प्रदायों के झगड़े नष्ट किये और सब सम्प्रदायों से प्राचीन-सनातन-जैन धर्म को स्थापित किया। राग द्वेष से रहित सम्प्रदाय बनाई। अब हमारा परम कर्तव्य है कि उस परमात्मा के भक्त बनें। और यथा शक्ति उनके गुण वर्णन करें। हमारी वाणी में वह शक्ति नहीं कि हम उनकी महिमा गा सकें। परन्तु महात्माओं के वचनों के आधार पर जो कुछ कहते हैं उसी में हमें परमानन्द प्राप्त होता है।

परमात्मा को समझाने के लिये सब से पहिले हमें अपनी दृष्टि अन्तर्मुखी करनी चाहिये। चर्म चक्षुओं को बन्द कर के अन्दर देखना चाहिये, और उस अचिन्त्य शक्ति का चिंतन करना चाहिये। वह शक्ति अरूपी है। दृश्य मात्र पदार्थों से भिन्न है। जो दिखता है वह आत्मा नहीं, जो देखता है वह आत्मा है। जो सुना जाता है वह आत्मा नहीं, जो सुनता है वह आत्मा है। जो सूंघा जाता है वह आत्मा नहीं जो सूंघता है वह आत्मा है यहां सूंघने वाले सुनने वाले और देखने वाले नाक, कान और आंख आदि इन्द्रियों से मतलब नहीं है। क्योंकि उल्लिखित कार्य आत्मा के हैं। नाक को काट कर हाथ पर रख दिया जाय तो वह सूंघ नहीं सकता। कान को काट कर सड़क पर फेंक दिया जाय तो वह वहां पड़ा २ नहीं सुन सकता। आंख को निकाल कर अलग रख दी जाय तो वह देख नहीं सकती। इन समस्त व्यापार करने वाला स्वामी आत्मा है जिसने उस शक्ति को पहिचान लिया, पूर्ण रूप से पा लिया वही पुरुषोत्तम कहलाता है, और संसार उसको तत्त्वदर्शी कहता है। उसी शक्ति को प्राप्ति करने के लिए हम सामायिक का अभ्यास करते हैं।

जिसने आत्मा का मूल्य नहीं समझा उसी को सामायिक करने में, एक घडी भर के लिये भी आत्म चिंतन करने मे आलस्य आता है आत्मा की कीमत समझाने के लिये मैं एक छोटीसी बात आप लोगों के सामने रखता हूं। हम सब से अधिक कीमती चीज हीरे को समझते हैं। परन्तु एक बात का विचार करें कि यदि हमारे पास नेत्र नहीं हैं तो वह हीरा हमारी नजरों मे तीन कोडी का पत्थर है। इससे यह बात तो सिद्ध हुई कि उस हीरे से भी अधिक हमारी आंखों की कीमत है। अच्छा अब हम और सूक्ष्म विचार करें कि यदि वह आत्मा नहीं तो हमारे वह दोनों नेत्र भी किस काम के ? इससे यह सिद्ध हुआ कि दुनियां भर के तमाम पदार्थों से वह आत्मा अधिकतम मूल्यवान है। सौ सवा सौ साल तक साथ रहने वाले इस नाशवान शरीर के लिये हम साठ घडी प्रयत्न करते है। और अनन्त काल तक साथ रहने वाले उस आत्मा के लिये हम एक घडी भी प्रयत्न नहीं करें तो यह हमारी बेसमझ है।

यहां पर एक प्रश्न उपस्थित होता है कि उस आत्मा के लिये प्रयत्न करना तो ठीक है परन्तु प्रयत्न करें तो कैसे ? कोई कहता है नमाज पढो, कोई कहता है रोजा रक्खो, कोई कहता है प्रतिक्रमण करो, सन्ध्या करो, प्रार्थना करो, कोई कहता है तीर्थयात्रा करो और कोई कहता है मंदिरों मे जाकर घण्टे हिलाओ। अपने अपने धर्म की सभी बडाई करते हैं अपनी २ ढपली और अपनी राग अलापते हैं। अब कहो हम कौनसा धर्म पालन करें ? किस का कहना मानें ? और किस के आगे नाक रगडें।

यह प्रश्न स्वाभाविक है, और इसका समाधान भी सरल है। धन कमाने वाले अलग २ धंन्धा करते हैं। कोई नौकरी करते

है, कोई व्यापार। व्यापार में भी कोई सट्टा फाटका करते हैं। कोई दलाली, सर्राफी आदि। नौकरी में भी हाकिमी करते हैं, कोई मास्टरी करते हैं तो कोई गुमास्तगिरी मुनीमी वगैरा। इसी तरह शांति प्राप्त करने के लिए तथा आत्म चिंतन करने के लिये भी, विभिन्न सम्प्रदाय होते हैं। और उनमें भी नाना प्रकार की टुकड़ियें होती हैं। जिस तरह से एक कूप में सारी दुनियाँ पानी नहीं पी सकती, एक धन्धे से सारी दुनियाँ गुजरान नहीं कर सकती। उसी तरह से एक मार्ग से एक धर्म से एक सम्प्रदाय से और एक प्रकार से आत्मा की सेवा नहीं हो सकती। आत्म सेवा करने के लिये हमको अपनी रुचि के अनुसार किसी एक सम्प्रदाय का अवलम्बन लेना चाहिये या अपनी परम्परा वाली सम्प्रदाय का आश्रय लेना चाहिये "महाजनो येन गतास्स पन्था" का अनुकरण करना चाहिये। जिस तरह से हम सब से पहिले आजीविका चलाने के लिये हमारे बाप दादों का धन्धा पकड़ते हैं। उसी तरह सब से पहिले हमारे पूर्वजों का पंथ अंगीकार करना चाहिये। फिर यदि उसमें सफलता न मिले तो समयानुसार सुविधानुसार सम्प्रदाय परिवर्तन करना चाहिये। जिस तरह नौकरी में सेवा की और व्यापार में व्यापारिकता की आवश्यकता होती है उसी तरह से सम्प्रदाय में साम्प्रदायिकता की आवश्यकता अवश्य है परन्तु दूसरी सम्प्रदाय का अनुदारता पूर्वक विरोध नहीं करना चाहिये। जिस तरह एक व्यापारी नौकरी करनेवाले को गुलाम कह कर तिरस्कार नहीं करता और एक नौकरी पेशा वाला व्यापारी को कम ॰ करने वाला कहकर बुरा नहीं बतलाता है उसी तरह हमें दूसरी सम्प्रदाय वालों को काफिर, मिथ्यात्वी, अज्ञानी आदि कहकर अपमानित नहीं करना चाहिये। मिथ्यात्वी वह है जो सत्य अहिंसा

आदि को नहीं मानता, काफ़िर वह है जो धर्म को दुःख देने वाला बतलाता है परन्तु अपनी सम्प्रदाय से भिन्न होने से ही वह अज्ञानी नहीं होजाता, इसीलिये शास्त्रों ने १५ प्रकार के सिद्ध बतलाये है। नौकरी करने वाला आलसी नहीं और व्यापार करने वाला भी आलसी नहीं आलसी है बैठा रहने वाला उसी तरह से हिन्दू काफर नहीं और मुसलमान मिथ्यात्वी नहीं। मिथ्यात्वी है सत्य के फल मे विश्वास नहीं करने वाला। इस लम्बे व्याख्यान से यही मतलब निकलता है कि हमको विशाल दृष्टि बनानी चाहिये और निष्पक्ष भाव से राग द्वेष को जीतने वाले पाखण्डों के समूह रूप जैन धर्म के स्थापन करने वाले जिनेन्द्र भगवान की भक्ति करनी चाहिये।

बस इसीलिये मैंने यह छोटासा ग्रन्थ बनाया है। मैं नहीं कहता हूँ कि मेरा कहना अन्तिम सत्य है। परतु इतना विश्वास दिलाता हूँ कि इसको पढने वाले ब्रह्म की तरफ रुचि अवश्य करने लगेंगे।

उपकार

मैं प्रूफ संशोधक व पुस्तक संशोधक प शोभाचन्दजी भारिल्ल को अनेक धन्यवाद देता हूँ जिन्होंने कृपा करके यह कष्ट उठाया। साथ ही मैं दानवीर सेठ सा. श्री छगनमलजी सा. (फर्म सेठ सिम्भूमलजी गंगारामजी सा) का आभार माने बिना नहीं रह सक्ता जिन्होंने मेरे प्रयास को अपनाकर पुस्तक को प्रकाशित करने की परम उदारता दिखाई है।

आशा है अन्य श्रेष्ठिवर्य भी इसी प्रकार उक्त सेठ सा० की भांति अपने पैसे का सदुपयोग कर समाज के सामने आदर्श रक्खेंगे।

जिन २ महापुरुषों की प्रेरणा व सदुपदेशों से मुझे यह उत्साह मिला है उन महान् विभूतियों का मैं पूर्ण कृतज्ञ हूँ।

भवदीय:—

बड़ी तीज
२४६१

डॉ सूर्य-भानु जैन "भास्कर"
बड़ी सादड़ी (मेवाड़)

समर्पण

१

मरुधर के जो आदर्श सेठ, सीधे सच्चे व्यवसायी थे,
जो सब के सुखदाई थे असहायो के एक सहायी थे।
गंगा समान जो निर्मल थे अरु 'गंगाराम' कहाते थे।
जो दानवीर गम्भीर धर्म में धीर सदा दिखलाते थे॥

२

अब वर्तमान श्रीमान 'छगन' जिनके सुपुत्र कहलाते हैं,
सब तरह उन्ही के गुण वाले ही हमें दृष्टि में आते हैं।
जो हैं जिनेन्द्र के भक्त इसी से यह जिन भक्ति छपाते हैं।
लो 'सूर्य्यभानु' स्वर्गीय सेठ के सुन्दर भेंट चढ़ाते हैं॥

भवदीयः—

मूथा जैन विद्यालय
रक्षा बन्धन
२४६१

डांगी 'सूर्य्यभानु' जैन भास्कर
बडी सादडी (मेवाड)

॥ मंगल ॥

॥ दोहा ॥

करम दलन अर्हंत प्रभु, जयति सिद्ध भगवान।
छत्तिस गुण-धर धीर-वर, जय आचार्य महान ॥१॥
उपाध्याय स्वाध्याय रत, साधु करें कल्याण।
पांचों पद मंगल करें, सुमिरत 'सूरजभान' ॥२॥

उपकार

(तर्ज—कमली वाले ने)

सुख शान्ति का क्या त्रिभुवन में, बतलादिया गुरु निर्ग्रथोंने, ध्रुव
चंचल लक्ष्मी चंचल आयुष, चंचल जीवन चंचल यौवन;
इक धरम अचल जगती तल में, फरमा, दिया गुरु निर्ग्रथोंने॥१
जग बीच कमल दल जल सम बस, रहना सीखो भय भविप्राणी;
अनुभव अमृत रस भर हमको, पिलवा दिया गुरु निर्ग्रथों ने॥२
इन बाह्य वस्तुओं पर प्यारो, अपनी ममता सब दूर करो;
हम कौन ? हमारा यहां कौन ? सिखला दिया गुरु निर्ग्रथोंने ॥३
ये रूपी रूपी हैं सारे कोई न हमारे हैं साथी;
इनसे हम भिन्न अरूपी हैं, बतला दिया गुरु निर्ग्रथों ने ॥४
स्वाभाविक निर्मल सुखमय पद, निजरूप कर्म ने दबा लिया;
इस अनादि बंधन को क्षण में, तुड़वादिया गुरु निर्ग्रथों ने ॥५
उनकी सुदया से 'सूर्यभानु', कुछ आत्म तत्व का भान हुआ;
भटके ममका कस्तूरी को, समझा दिया गुरु निर्ग्रथोंने ॥६
सुख शांति का क्या त्रिभुवन में बतला दिया गुरु निर्ग्रथोंने॥मिलत

श्री जिन-भक्ति

प्रथम खंड

डाँगी चौवीसी

॥ नमस्कार ॥

ऋषभ प्रमुख महावीर प्रभु, तीर्थंकर चौवीस ।
यथाशक्ति भक्ती करूँ, जग जीवन जगदीश ॥१॥

प्रणमूँ प्रथम प्रभामयी, पृथ्वी पुत्र गणेश ।
पावन पुण्य प्रभाव से, प्रकटे प्रेम विशेष ॥२॥

विघ्न हरें मंगल करें, गुरु गौतम भगवान ।
शासनपति प्रभु वीर के, गणधर शिष्य महान ॥३॥

वृषभ-चिह्न] **अर्पण** [स्वर्ण-वर्ण

तर्ज—मानकोप-पपैया काहे मचायेय शोर

मुग्ध-मन-मानस ! मेरी मान,
तीर्थंकर प्रभु ऋषभदेव का करते रहना ध्यान। मुग्ध।
मां 'मरुदेवी' पिता 'नाभि' के प्रगट हुए सन्तान;
परमेश्वर बन प्रथम जिन्होंने, दिया सृष्टि को ज्ञान ॥१॥
गणपति नरपति सुरपति खगपति, जिनपति परम प्रधान;
सुरपति सहित चराचर सुमिरत, सकल कला गुण खान॥२॥
अजर अमर अकलेश निरंजन, दीनबन्धु भगवान;
जग जीवन प्राणों से प्रियतम, पूरण प्रेम-निधान ॥३॥
धन्य 'अष्टमी' धन्य 'अयोध्या', 'चैत्र' हुआ महान;
'चैत्र मास की कृष्ण रात्रि' में, प्रगटे त्रिभुवन भान ॥४॥
सकल चतुर्विध संघ निरंतर, करता था उत्थान;
यही भावना भावे रहना, है प्रभु का गुण गान ॥५॥
गुरु नियमों ने पथलामी, सुख देय परिणाम;
सब से पहले 'सूर्य भानु' करना उनका सन्मान ॥६॥
(मिलत) मुग्ध-मन-मानस मेरी मान।

स्वर्ण] ## २ अजित [गजराज

तर्ज--सिन्धभैरवी, कालिंगडा पीलू, कानडा, चौपाई आदि

अजितनाथ प्रभु अन्तर्यामी, जगत जीत, निर्भयजयपामी ॥ध्रुव
'विजया' माता के प्रभु जाये; 'जितशत्रू' नृप गोद खिलाये।
जय जय तीन लोक के स्वामी, अजितनाथ प्रभु अन्तर्यामी ॥१॥
भव भव में कर्मों से हारा; कोई मिला न नाथ सहारा।
अब तू काम बना निष्कामी, अजितनाथ प्रभु अन्तर्यामी ॥२॥
कुटिल, कठोर, कदाग्रह-कामी; क्रूर, कपट-कर्तार, हरामी।
पर तू पतित उधारन नामी, अजितनाथ प्रभु अन्तर्यामी ॥३॥
कब तक यह भव रोग हरोगे; जन्म-मरण-दुख दूर करोगे ?
तुमको पाया शिवसुखधामी, अजितनाथ प्रभु अन्तर्यामी ॥४॥
सकल चतुर्विध संघ सुनावे; प्रभु चरणों में चित्त रमावे।
महरकरो अनन्त विश्रामी, अजितनाथ प्रभु अन्तर्यामी ॥५॥
गुरु निर्ग्रंथों ने है समझाया; तेरा नाम मंत्र बतलाया।
'सूर्य भानु' अविचल पथगामी, अजितनाथ प्रभु अन्तर्यामी ॥६॥

मरकट] ४ **अभिनन्दन** [स्वर्ण

(तर्जः—रङ्गत मारवाडी ख्याल)

अभिनन्दन ध्याऊँ पाऊँ शिव सम्पत्ति धर्म प्रताप से ॥ध्रुव॥
काम क्रोध मद लोभ छोड कर, मै प्रभु के गुण गाऊँ;
तन मन धन सब अर्पण करके, उनके सम बन जाऊँ ॥१॥
निर्मल दर्पण सम उनमें निज, आत्म स्वरूप लखाऊँ;
ब्रह्मानन्द मग्न होकर के, अविनाशी कहलाऊँ ॥२॥
इन्द्रिय सुख को स्वप्न समझ कर, तनिक न मै ललचाऊँ;
ममता तज वैराग्य बढाऊँ, मनको अचल बनाऊँ ॥३॥
हृद् तंत्री की तान सुनाऊँ, अन्तर नाद बजाऊँ;
आत्म समान सृष्टि को लखकर, शुद्ध भावना भाऊँ ॥४॥
'संवर' पिता मात सिद्धार्था नन्दन पर बलि जाऊँ;
पूर्ण नमूना परमातम का, समझ सामने लाऊँ ॥५॥
गुरु निर्ग्रंथ ज्ञान बतलाया, उनको शीष नमाऊँ;
तीर्थंकर की सुखद भक्ति का, सबको पाठ पढाऊँ ॥६॥
सकल संघ को अनुभव के, अमृत का स्वाद चखाऊँ;
'सूर्य भानु' स्वामी ! नयनों से स्नेह अश्रु बरसाऊँ ॥७॥

सम्भव

तर्ज—दुनिया में किसी का कोई नहीं

सम्भव तीर्थंकर सुमिर सयाने, साथी तेरा कोई नहीं। ध्रुव।
सब स्वजन स्नेही स्वारथ से, सम्बन्ध स्नेह कहलाते हैं;
सहसा संकट का समय हुआ, वे समझ सहारा कोई नहीं॥ १
ना मात पिता का तू साथी, ना मात पिता तेरे साथी;
ना तू उनका रखवारा है, तेरा रखवारा कोई नहीं॥ २
परिणाम आत्म पद को प्यार, प्रभु से तू प्रेम लगा पूरा;
उस परम पुरुष परमात्मा, परभव में प्यारा कोई नहीं। ३
धन पिता 'जितारथ' 'सैन्यादे' माता के लाल दुलारे हैं;
श्री नगर 'अयोध्या' 'सैन्यादे' माता के लाल दुलारे हैं;
श्री संघ चतुर्विध के स्वामी, है समय समय स्थापित करते;
हम सब दीनों के दीनबन्धु बिन तारनहारा कोई नहीं॥ ४
गुरु निग्रंथों ने दया लाय, जगती तल को यह समझाया।
ए 'सूर्यभानु' उन जिनवर सम, देव दूसरा कोई नहीं॥ ५

६

पद्म

तर्ज—वनजारा

प्रभु पद्म जिनेश्वर प्यारा, जग जीवन प्राण हमारा। ध्रुव ;
तुम तीन लोक के स्वामी, तो हम सेवा के कामी।
'श्रीधर' सुत देव दुलारा, प्रभु पद्म जिनेश्वर प्यारा ॥१॥
तुम निर्मल ज्ञानी पूरे, तो हम भी नाथ अधूरे;
यह चेतन अंश तुम्हारा, प्रभु पद्म जिनेश्वर प्यारा ॥२॥
यदि तुम अम्बर हम धागा, तुम सोना हम सौहागा;
तुम किस विध हम से न्यारा, प्रभु पद्मजिनेश्वर प्यारा ॥३॥
यदि तुम हो सूरज स्वामी, हम किरन नयन अभिरामी;
यह भेदन हुआ लिगारा, प्रभु पद्म जिनेश्वर प्यारा ॥४॥
माता 'कुसुमा' के जाये, निर्गंथ गुरु बतलाये;
हम सब के एक सहारा, प्रभु पद्म जिनेश्वर प्यारा ॥ ५ ॥
तुम दीन बन्धु अविकारी, हम दीन मलीन भिखारी:
धन निगम निरूपण सारा, प्रभु पद्म जिनेश्वर प्यारा ॥६॥
सम्पूर्ण संघ यों गावे, चरणो में चित्त लगावे,
जय 'सूरजभानु' अपारा, प्रभु पद्मजिनेश्वर प्यारा ॥ ७ ॥

श्रेय] ५ सुमति [सर्व्य

सुनो हे सुमति नाथ भगवान, दीजिये मुझे सुमति का दान ।ध्रुव।
तुम समान कोई है न दूसरा, दीन दयाल कृपाल,
मैं सेवक तू स्वामी मेरा, लीजे नाथ सँभाल;
आप हैं सर्व गुणों की खान ॥१॥
मैं तो दीन मलीन भिखारी, नीच पतित मति हीन,
तू जिनदेव सुमति का सागर, अचल ध्यान में लीन;
करो रक्षा पापी पहिचान ॥२॥
भव समुद्र में नैया डोले कौन लगावन हार,
घड़ घड़ घड़ कर क्रोध मेघ, झर झर बरसावत धार;
बीजली माया लेती जान ॥३॥
लोभ मोह के भँवर कपट के, सर्प करत फुंकार,
डूबी जाती मेरी नैया लीजे नाथ उबार;
'मंगला' मातानी के प्राण ॥४॥
श्री निग्रंथ हमारे गुरुवर, तारन तरन जहाज,
'भव' पुत्र का शरण बताया, धन्य गरीबनिवाज;
उन्हीं का है उपकार महान ॥५॥
सकल चतुर्विध संघ तुम्हारे, शरण कमल का दास,
'सस मानु' सब आशा पूरो, कर कर्मों का नाश;
यही लो बिनती मेरी मान ॥६॥

चद्र] ८ चन्द्रप्रभ [श्वेत

(तर्ज-मगल ताल ३-शिवभोला भडारी लोगों)

चन्दा प्रभु जिन ध्यावो साधो, चन्दा प्रभु जिन ध्यावोरे।ध्रु०
सोहं ब्रह्म नित्य अविनाशी, अलख स्वरूप लखावोरे;
अजपा जाप जपो मेरे चेतन, निजगुण मांहि समावोरे ॥१॥
पूल मति का रूप एक है, भाजन विविध बनावोरे;
त्यो सर्वत्र ईश की झांकी, दुविधा भाव मिटावोरे ॥२॥
वह निर्गुण सूक्षम से सूक्षम, दृढ़तर ध्यान जमावोरे,
ब्रह्मानंद रूप सागर मे, एक भेक हो जाओरे ॥३॥
ऐसा ज्ञान करो मेरे चेतन, सिद्ध जिनंद कहावोरे;
लोकातीत पहुंच करके, अक्षय अनंत सुख पावोरे ॥४॥
कर्मन काया मोहन माया, भूख तृषा विसरावोरे;
कोई न छोटा कोई न मोटा, ज्योति में ज्योति मिलावोरे ॥५॥
'महासेन' नृप 'लिखमा मां के, सुत से प्रेम लगावोरे;
'सूर्य भानु' अष्टम जिनवर के, हित चित से गुण गावोरे॥६॥

स्वस्तिक 7 सुपार्श्व (१ सखी

तर्ज -प्रभाती, ताल—दादरा

भगवि जय सुपार्श्वनाथ प्राण से पियारे। प्र०
नृप 'प्रतिष्ठ' तात, मात 'पृथ्वि' देवी भगजात;
सुधि सुवर्ण वर्ण गात, दीन के दुलारे ॥१॥
विमलाचित दयानिधान, विशत धनु शरीर मान;
धन्य भद्रक भयस ज्ञान, शुक्ल ध्यान धारे ॥२॥
मदनमोह से विछोह, क्रोध लोभ से विद्रोह;
सुखद सुपद समारोह, सरस सोहना रे ॥३॥
नम मलोकमोद मेह, सत्य शांति का सनेह;
तीन लोक मम्रगेह, देह को निवारे ॥४॥
मक्त सब करत गान, दीजिये सुज्ञान दान;
मीनती पै राखो ध्यान, तान मान वारे ॥५॥
श्री निग्रन्थ गुरु मुनीश, देव क्ष्यापा जिनेश;
चरण शीप नमत 'सूप भानु' को निहारे ॥६॥

चंद्र] ८ चन्द्रप्रभ [श्वेत

(तर्ज-मंगल ताल ३-शिवभोला भंडारी लोगों)

चन्दा प्रभु जिन ध्यावो साधो, चन्दा प्रभु जिन ध्यावोरे।ध्रु०
सोहं ब्रह्म नित्य अविनाशी, अलख स्वरूप लखावोरे;
अजपा जाप जपो मेरे चेतन, निजगुण मांहि समावोरे ॥१॥
पूल मति का रूप एक है, भाजन विविध बनावोरे;
त्यों सर्वत्र ईश की झांकी, दुविधा भाव मिटावोरे ॥२॥
वह निर्गुण सूक्षम से सूक्षम, दृढ़तर ध्यान जमावोरे,
ब्रह्मानंद रूप सागर में, एक भेक हो जाओरे ॥३॥
ऐसा ज्ञान करो मेरे चेतन, सिद्ध जिनंद कहावोरे;
लोकातीत पहुंच करके, अक्षय अनंत सुख पावोरे ॥४॥
कर्मन काया मोहन माया, भूख तृषा विसरावोरे;
कोई न छोटा कोई न मोटा, ज्योति में ज्योति मिलावोरे ॥५॥
'महासेन' नृप 'लिखमा मां के, सुत से प्रेम लगावोरे;
'सूर्य भानु' अष्टम जिनवर के, हित चित से गुण गावोरे॥६॥

मत्स्य] ६ सुविधि [श्वेत

(तर्ज—रसिया शंकर रम रह्यो रे पहाड़न में भोला पारवती के संग)

प्रणमूँ 'पुष्पदन्त' भगवन्त, महन्त-सन्त, जयवन्त अनन्त ॥प्र०
शिवगति गमन, सुविधि कर कथन, सुविधि जिनपति मिलसन्त;
मदन मथन भय हरन, करम दल दलन नवम अरहन्त ॥१॥
सकल अमर गण हिलमिल, मंगल मय दुदुभि उच्चरन्त;
ऋषि मुनि बनगण जिनगुण, सुमिरत अनहद मोद भरन्त ॥२॥
नेति नेति कर निगम पुकारें, शासन पावें अन्त;
निज निज मति सम करत कल्पना, मनसाकृत मतिमन्त ॥३॥
नृप 'सुग्रीव' पिता, माता 'रामा देवी' के नन्द,
गुरु निर्ग्रन्थों ने बतलाया, ऐसा आनन्द कन्द ॥४॥
सकल चतुर्विध संघ निरंतर, सुविधिनाथ सुमिरन्त;
दर्शन का प्यासा निशि-वासर, निश्चय मेंह बिचरन्त ॥५॥
'सूर्य भानु' गुरु निर्ग्रन्थों के, चरणाम्बुज प्रणमन्त;
दीपक का ध्यान धरत भव जलधि पार उतरन्त ॥६॥

मोट—यह भजन अनुप्रास अलंकार वाला है अतः इसकी टेर (ध्रुव) को शुद्धता से पढ़नी चाहिये तब सुरेगी।

श्रीवत्स] १० शीतल [स्वर्ण

शीतल

(तर्ज—प्रभाती

नित उठ शीतल जिन सुमिरत, भवि जन भव जन्य मैल धोवें।
क्षण भर में संसार सिन्धु की, वड़वानल शीतल होवे ॥१॥
धन वे जन जो मनमोती को, उनके धागे में पोवें;
सदा उन्हीं का नाम रटत, संकट में धीरज ना खोवें ॥२॥
विषय कषाय बाह्य सुख समझे, तनिक न उन पर जो मोहे;
जल में कमल-पत्र से रह कर, मोहनींद में ना सोवें ॥३॥
आत्म स्वरूप भूल करके नर, जो भव भव में ना रोवें;
मनुज जन्म को पायनिरन्तर, पावन पुण्य बीज बोवें ॥४॥
'दृढ़रथ' तात, मात 'नंदा' सुत, का निर्मल स्वरूप जोवे;
शीतल जिन के शीतल जलमें, 'सूर्य भानु' निर्मल होवे ॥५॥
नित उठ शीतल जिन सुमिरत, भविजन भवजन्य मैल धोवे;
क्षण भर मेंसंसार सिन्धु की, बड़वानल शीतल होवे॥६॥-ध्रुव।

गेय] **११ श्रेयांस** [स्वर

(तर्ज ढँगाली भावनी, तरज प्रभाती में भी)

नर-पति 'विष्णु' 'विष्णु' महारानी, नंदन घन 'श्रेयांस कुमार,
इस अवसर्पिणि काल मध्य, ग्यारहवें आप हुए अवतार ।।ध्रु
जगतीतल में, दश दिशि लौं, मंजु मोर किया यश का विस्तार;
उस यश के निर्मल प्रकाश से, हुआ अनेकों का निस्तार ।।१।।
अष्ट करम के दल में गाजा, मोह शत्रु का कर संहार;
इस भव-अंध भव जल निधि, से भगवंत करो मम उद्धार ।।२।।
आवागमन मिटाओ स्वामी, तुम बिन किन से करूँ पुकार;
और कुदेव हम नया धारें, उन पर भी कर्मों की मार ।।३।।
कोई क्रोधी कोई मानी, कोई विषयों का सरदार;
तू ही नाथ कलंक रहित, अति-विशुद्ध और सदा अविकार ।।४
आगम वेद पुराण शास्त्र, सुरगुरु कहवे जगदीश अपार;
भव तारक सुन नाम जिनेश्वर, आया हूँ तेरे दरबार ।।५।।
जोगी 'वृषभानु' गुण गावे, गुरु निग्रन्थों का आधार;
सकल चतुर्विध संघ प्रभु के, चरण कमल का ताबेदार ।।६।।
नर पति 'विष्णु' 'विष्णु' महारानी नंदनघन श्रेयांस कुमार;
इस अवसर्पिणि काल मध्य ग्यारहवें आप हुए अवतार ।।मिलत

महिष] १२ वासु पूज्य (रक्त

(तर्ज गर्भी पणिहारी या देशी महाड)

श्री जिन मन मंदिर आये हो भविकजन ! वासुपूज्य भगवान
श्री जिन मन-मंदिर आये...हो... ॥ ध्रुव ॥

राग द्वेप की ग्रन्थि हटाई.. हो.. भविकजन !
हुआ स्वरूप का भान ॥ श्री जिन०॥ १ ॥

समकित लाभ करो सुख कारी...हो.. भविकजन !
समझो अपनी शान ॥ श्रीजिन० ॥ २ ॥

फिर चारित्र वृत्ति को धारो. हो.. भविकजन !
क्रमिक करो उत्थान ॥ श्रीजिन० ॥ ३ ॥

नृप "वसुपूज्य" 'जया' के जाये ..हो भविकजन !
निर्मल ज्योति महान् ॥ श्रीजिन० ॥ ४ ॥

गुरु निर्ग्रन्थो ने बतलाई . हो . . भविकजन !
शुद्ध देव पहिचान ॥ श्रीजिन० ॥ ५ ॥

'सूर्यभानु' अनुभव प्रकटाओ...हो. .भविकजन !
कर लो निज कल्याण ॥ श्रीजिन० ॥ ६ ॥

श्री जिन मन मंदिर आये हो भविकजन ! वासु पूज्य भगवान्
श्री जिन मन-मंदिर आये हो ॥ मिलत ॥

गेरा ~] ॥ ११ ॥ [मर्या

श्रेयांस

(यह उंगारी जायगी, सरज प्रभाती में भी)

नर-पति 'विष्णु' 'विष्णु' महारानी, नंदन धन 'श्रेयांस कुमार,
इस अवसर्पिणि काल मध्य, ग्यारहवें आप हुए अवतार ॥ध्रु०
जगतीतल में, दश दिशि लौं प्रभु आप किया यश का विस्तार;
उन यश के निर्मल प्रभाव से, हुआ अनेकों का निस्तार ॥१॥
अट करम के दल में गाढ़ा, मोह शत्रु का कर संहार;
इस भव-सिन्धु भव जल-निधि, से भगवंत करोगे अब उद्धार ॥२॥
पावनपरन भिगाओ स्वामी, तुम बिन किन से करूँ पुकार;
और क्लेश हम पाया वार, उन पर भी कर्मों की मार ॥३॥
कोई क्रोधी कोई मानी, कोई विषयों का सरदार;
तू या नाथ कलंक रहित, अति-विशुद्ध और सदा अविकार ॥४
आगम वेद पुराण शास्त्र, सुरगुरु कहते जगदीश अपार;
भव तारक सुन नाम जिनेश्वर, आया हूँ तेरे दरबार ॥५॥
जोगी 'सूयभानु' गुण गावे, गुरु निर्भयों का आभार;
सकल चतुर्विध संघ प्रभु के, चरण कमल का तावेदार ॥६॥
नर पति 'विष्णु' 'विष्णु' महारानी नंदनधन श्रेयांस कुमार;
इस अवसर्पिणि काल मध्य ग्यारहवें आप हुए अवतार ॥मिलत

१४

बाज) **अनंत** (स्वर्ग

(तर्ज रेखता ताल दादरा)

भगवंत श्री 'अनंत' सिंहसेन नन्द हैं,
खेले 'सु-जशा, गोद, चौदवें जिनन्द हैं ॥ ध्रुव ॥
जिनके अनंत निज-गुणों का पार है नहीं;
वे नित्य और सत्य चिदानंद कंद हैं ॥ १ ॥
यह दोष-भरी वाणि क्या महिमा सुनायगी ?
गुरुराज शेष शारदा, सुरिंद मंद हैं ॥ २ ॥
आगम, निगम, पुराण, वेद शास्त्र भी सभी,
बस नेति नेति नेति बोल कर के बन्द हैं ॥ ३ ॥
पहुंचे हैं अचल स्थान कर्म द्वन्द दूर कर;
गाते हैं सकल संघ यशोगान छन्द है ॥ ४ ॥
सुनलें विनय हमारी 'सूर्य भानु' अब जरा,
काटें दयानिधान ! लगे कर्म फंद है ॥ ५ ॥
भगवन्त श्री अनन्त सिंहसेन नंद हैं
खेलें सुजशा-गोद चौदवें जिनंद है ॥ मिलत ॥

पराड़] ११ [स्वर

विमल

(तर्ज गजल चाल है—क्या हुआ गर मर गये अपने के वास्ते)

'विमल' जिनके स्मरण बिन नर-जन्म तेरा भार है। ध्रुव।
कान फाड़े, जटा, बांध, सिर मुंडाये, क्या हुआ !
भक्ति बिन पाखण्ड क्रियाकांड सब बेकार है ॥ १ ॥
'पढ़ा पोथा बढ़ा पोथा, पंडता पगड़ा बढ़ा'
तिलक छापा कर खड़ा, समझा न जगदाधार है ॥ २ ॥
छन्द भरु साहित्य पढ़ क्यों व्यर्थ व्याकरणी बना,
आत्मतत्त्व न जान कर, भटका जगत मझार है ॥ ३ ॥
राग द्वेष कषाय से, सड़ने पड़े दुख लोक में,
शरण ले जिनराज का अब, शास्त्र का जो सार है ॥ ४ ॥
प्रभु बिना कोई न देखा, देव गण-मल हीन है
इसलिए संसार—जल—निधि, में वही आधार है ॥ ५ ॥
स्वामि 'सूरज-भानु' के देवाधिदेव महान् हैं,
मात श्यामा नन्द प्रभु, 'वृषभानु' के सुकुमार हैं ॥ ६ ॥
विमल जिनके स्मरण बिन नर जन्म तेरा भार है ॥ विमल ॥

पर अंतराय ने लिया मुझे आ घेरी;
करुणानिधि ! काटो, अब करमो की बेरी ॥४॥
ले ले कर 'व्रत पच्चखान' न पूरे पाले;
नर जन्म पाय कर्तव्यो को न संभाले।
बज रही भयंकर कुटिल काल की भेरी;
करुणाकर ! काटो, अब, करमो की बेरी ॥५॥
अब जन्म-मरण का दुःख न सहा है जाता;
सांसारिक सुख में सार नजर नहिं आता।
इसलिये बनाई बुद्धि तुम्हारी चेरी,
करुणानिधि ! काटो अब करमो की बेरी ॥ ६ ॥
अब तुम बिन ऐसी किन को विनय सुनाऊँ;
'सुव्रता' के नंदन ! तेरी, शरणे आऊँ।
नृप 'भानु' पुत्र अब तारो, करो न देरी;
करुणाकर ! काटो, अब करमों की बेरी ॥ ७ ॥
गुरु 'निर्ग्रथों' ने हमें ज्ञान सिखलाया;
तुम पर दृढ़ श्रद्धा करना धर्म बताया।
अय ! सूर्य्यभानु ! उनकी ही कृपा घनेरी;
करुणानिधि ! काटो अब करमो की बेरी ॥ ८ ॥
धर्म धर्मनाथ ! धरमावतार ! सुन मेरी,
करुणाकर ! काटो, अब करमों की बेरी ॥मिलत

१५

(स्तवन) धर्म

(तर्ज—मांढ़)

धन 'धर्म-नाथ' परमावतार सुन मेरी,
करुणा-निधि ! काटो, मम कर्मों की बेरी ॥ ध्रुव ॥

मैंने भव भव में जीव अनेक सताये,
सज्जन पुरुषों पर, मिथ्या दोष लगाये।
फँस मोह जाल में तजी भक्ति प्रभु ! तेरी;
करुणा कर ! काटो मम कर्मों की बेरी ॥ १ ॥

प्राणीश भ्रमर सम विषयों में ललचाया;
पर नाथ ! आज तक भी सन्तोष न पाया;
संचय करली अघ-मद पापों की ढेरी;
करुणानिधि ! काटो मम कर्मों की बेरी ॥२॥

ना हाय ! कभी दीनों को सुख पहुँचाया;
दुख-दाता को भी उल्टा पाठ पढ़ाया ॥
क्या कहूँ ? नाथ ! चहुँ-गति में खाई फेरी;
करुणाकर ! काटो ! मम करमों की बेरी ॥ ३ ॥

सच्चे गुरुओं ने धर्ममार्ग समझाया;
तत्त्व स्वरूप भी कई बार बतलाया ।

अज] १७ कुंथु-नाथ [स्वर्ण

तर्ज श्याम कल्याण या चौक भैरवी ताल ३
(कुण जाणे वावा दुनियां मे पीर पराई)

दुनिया में ऐसा देव नजर नहिं आवे;
कुंथुनाथ जिनराज हमारे, अविकारी कहलावें ॥ ध्रुव ॥

चातक ज्यों चित से करता है स्वाति वून्द की चिर आशा,
नट-कुल सकल खेल करता निश्चल मन होकर क्या खासा ।
भ्रमर अनन्य प्रेम से लेता, मालति, पुष्प मधुर वासा;
लोभी पुरुष निरंतर करता, द्रव्य प्राप्ति की अभिलाषा ॥
तैसे तीर्थंकर प्रभु स्वामी हमको अधिक सुहावै;
दुनियां में ऐसा देव नजर नहिं आवे ॥ १ ॥

आठों कर्मों के राजा को पहले प्रभु ने नाश किया,
समकित मोह चरित्र मोह के वल को पल में ह्रास किया ।
ज्ञानावरण दरसनावरण रु अंतराय को त्रास दिया,
वीर्य अनंत अनंत ज्ञान दर्शन अनंत को पास लिया ।
फिर न रहा ऐसा शत्रु जो, निज गुण से लड पावे,
दुनियां में ऐसा देव नज़र नहिं आवे ॥ २ ॥

१६

शांति

राग) (स्तव

(तर्ज:—पीलू प्रात अयोध्या नगरी के मांही हर्ष भरे)

शांति सरोवर शांति जिनेश्वर ! जन्मत शांति देश में छाई —ध्रुव ॥

भार मृगी दुरभिक्ष निवारे,
विविध व्याधियां नाश मिटाई ॥ १ ॥

अशरण—शरण सहायक सबके,
गावें सकल सुरेन्द्र बधाई ॥ २ ॥

भव भव में बहु देव मनायें,
पर न मिला तुम सा सुखदाई ॥ ३ ॥

अष्ट सिद्धि नवनिधि के दाता,
'अभया'—नंद अभय गति पाई ॥४॥

शुद्ध गुरु निर्ग्रन्थ हमारे,
अक्षय प्रभु की भक्ति बताई ॥ ५ ॥

विश्वसेन कुल दीपक ! स्वामी !
नृप-भानु सुमिरो चितलाई ॥ ६ ॥

शांति सरोवर शांति जिनेश्वर, जन्मत शांति देश में छाई

कल्प वृक्ष अरु काम धेनु सम धर्म मोक्ष का जो दाता;
जिन की सेवा से शुभ गति में, इच्छित शिव संपति पाता।
तारण तरण जहाज, धन्य जिनराज, त्रिलोक पिता माता,
'सूर' पिता 'श्री' देवी माता-सुत गुण गाता हर्षाता;
गुरु निर्ग्रंथो की किरपा से 'सूर्य्य भानु' दरसावे,
दुनिया में ऐसा देव नजर नहिं आवे ॥ ६ ॥
कुंथु नाथ जिन राज हमारे, अविकारी कहलावे;
दुनियां में ऐसा देव नजर नहिं आवे ॥ मिलत ॥

करम वेदनी दूर हटा कर अव्याबाध हुए स्वामी,
आयु कर्म को क्षय कर के अवगाहन निर्मल प्रभु पायी।
नाम कर्म को नाश किया जब निराकार हो शिव-धामी,
गोत्र कर्म का मल हटा बन गये अगुरु लघु अभिरामी।
आठ गुणों को धारण कर के सिद्ध रूप को पावे,
दुनियां में ऐसा देव नजर नहीं आवे ॥ ३ ॥

दीन अनाथ ग्वाल बनिया गौ का हत्यारा हो पापी,
मांस मद्य खाता, पीता, छः कायों का जो परितापी।
शास्त्रों की मर्यादा तोड़ कर, झूठी भी जिसने भाषी
विषय कषाय पुष्ट करने को हिंसा करत बिना मापी
वह भी यदि शरणे आजावे, भव समुद्र तिर जावे।
दुनियां में ऐसा देव नजर नहीं आवे ॥ ४ ॥

आत्म प्रकाशक, जगदुद्धारक, विरद जिनेश्वर तेरा है,
तेरी महिमा का गाना जग जीवन, जीवन मेरा है।
चंद्र चकोर दंपती में ज्यों होता प्रेम घनेरा है,
त्यों तेरा ही महा प्रभो! मेरे मन मांहि बसेरा है।
धन्य भाग्य है उस नर का जो, तीर्थंकर को ध्यावे,
दुनिया में ऐसा देव नजर नहिं आवे ॥ ५ ॥

कल्प वृक्ष अरु काम धेनु सम धर्म मोक्ष का जो दाता;
जिन की सेवा से शुभ गति में, इच्छित शिव संपति पाता।
तारण तरण जहाज, धन्य जिनराज, त्रिलोक पिता माता,
'सूर' पिता 'श्री' देवी माता-सुत गुण गाता हर्षाता;
गुरु निर्ग्रंथो की किरपा से 'सूर्य्य भानु' दरसावे,
दुनिया में ऐसा देव नजर नहिं आवे ॥ ६ ॥
कुंथु नाथ जिन राज हमारे, अविकारी कहलावे;
दुनियां में ऐसा देव नजर नहिं आवे ॥ मिलत ॥

मेरापर्सी) १८ अरह (स्वर्षी

तर्ज—सोरठ, मुझ आयाँ बोल मोरा, र, मारे श्याम बिना जीवरोरा

जो अरहनाथ को ध्यावे, हो, सब दु ख नष्ट हो जावे ॥ ध्रुव

निर्गुण मम सिद्ध सम प्राणी,
निज स्वरूप को पावे, हो, जो० ॥१॥

जग जीवन की झीनी चदरिया,
प्रभु का रंग चढ़ावे, हो, जो० ॥२॥

चौरासी योनी में भटक्यो,
फिर वासना भावे, हो, जो० ॥ ३ ॥

मानव-जन्म अमोलक पायो;
विरथा नाँहि गमावे, हो, जो० ॥४॥

'देवि' 'सुदर्शन' नृप नंदन का;
चहुँ दिसि यश गुंजावे हो, जो० ॥५॥

'सूयमाल' गुरु निग्रंथों के,
चरणों शीष नमावे, हो, जो० ॥६॥

१९

कुंभ] **मल्लि** [नील

तर्ज—गजल ताल ३, इतना तो करना स्वामी, जब प्राण तन से निकले

प्रभु मल्लिनाथ स्वामी, यह वीनती हमारी ॥ ध्रु० ॥

जग की वन-स्थली में, हम मोर बन के नाचें;
तुम मेघ बन के आना, सूखी पड़ी है क्यारी ॥१

जल के सरोवरो में, हम फूल बन खिलेंगे;
तुम सूर्य्य बन के आना. अँधियारि रात कारी ॥२

फूले फले अनूठें, उद्यान हम बनेंगे,
ऋतु राज बन के आना, शोभा बने निराली ॥३

बन कर चकोर स्वामी, देखेंगे राह तेरी;
तुम चंद्र बन के आना, निरखें छटा तुम्हारी ॥४

हम दीन हीन बन के, दर पर खड़े रहेंगे;
दातार बन के आना, हमको समझ दुखारी ॥५

संसार में हमारे गुरु देव हैं सहारे,
सब को उन्हीं ने तारे, अब की हमारी बारी ॥६

धन तात 'कुंभ' माता, 'परभावती' के प्यारे;
अय 'सूर्य्य भानु ! 'मेरे मन में बनो बिहारी ॥७

प्रभु मल्लिनाथ स्वामी, यह वीनती हमारी ॥मिलत ॥

मैं] १० [स्तवन

मुनि-सुव्रत

(तर्ज—मल्हार)

मुनि सुव्रत स्वामी, अन्तरयामी, महिमा तेरी अपार ॥टेर॥
अगम अगोचर तू अविनाशी, अचल अमल अविकार;
एक, अनेक, अखंड, सूक्ष्म-घन, अनुपम सुख-दातार ॥१॥
निर्विकल्प, निर्लेप, निरालंब, निगम-निरूपण-सार;
निराकार निर्भय, निखिलेश्वर, निष्कलंक अवतार ॥२॥
तेरी सिद्ध दशा सम मेरा, आत्म-स्वरूप, विचार;
जीता जीव भिन्नता से यह, अति भासित संसार ॥३॥
शुक सेमर मृग तृष्णा सम, संशय संसार मंझार;
चौपरि रमत स्वप्न संपति सम कल्प्य जगत व्यवहार ॥४॥
वंध्या सुत आकाश पुष्प सम, मन कल्पना पसार;
स्वात्मप्रकाश ध्रुव निज स्वरूप समझत स्व-आनन्द धार ॥५॥
'सुमति' पिता 'पद्मावति' माता-नन्दन सुगुणागार;
"रूपभानु" अनुभव स्थिति अपनी, गुरुओं का आधार ॥६॥
मुनिसुव्रत स्वामी अन्तर्यामी महिमा तेरी अपार ॥ मिलत ॥

नलि कमल) २१ नमि (स्वर्ण

(तर्जः—मेरे मौला बुलालो मदीने मुझे)

नमीनाथ प्रभु से मिलादो कोई,
सारे बंधन दूर भगादो कोई ॥ध्रुव॥

चैन पड़ता है नहीं हमको यहां अब तो जरा
प्रभु के अनोखे रूप ने मन भक्ति भावों से भरा।
जरा चहरा सुनहरा दिखादो कोई ॥ नमी ॥१॥

यहां ढूंढा वहां ढूंढा दर बदर फिरता फिरा
पर पता पाया नहीं दिन रात दुखों से घिरा।
कहां छिप कर है बैठा बता दो कोई ॥ नमी॥२॥

इस समय इस काल में इक्कीसवां जिन राज था
"विजय" "विप्रा" नंद था भवियों का जो सिरताज था
उनका चारू चरित्र सुनादो कोई ॥ नमी ॥ ३ ॥

सत्य शिव सौंदर्य मय, जिनका स्वरूप महान् है

ज्ञान मय शुभ ध्यान मय सम्पूर्ण सौख्य निधान है।
अनुभव अमृत का प्याला पिलादो कोई ॥नमी४॥

मल रहित धन सिद्ध पदवी पर अचल आसीन है
निज गुणों में लीन हैं जो सचमा मय हीन हैं।
मेरी उनसे ज्ञुदाई हटादो कोई ॥ नमी ॥ ५ ॥

डाँगि सूरजभानु को निर्ग्रन्थ ने समझा लिया
इसके संसार जल-निधि में शरण पकड़ा दिया।
भव करमों का दुःख छुड़ादो कोई ॥ नमी ६ ॥

२२

शख) # नेमि (श्याम

(तर्ज लावणी कव्वाली)

भज भव "नेमिनाथ" भगवान दया का पाठ पढ़ाने वाले ।ध्रुव।
माता शिवा देवि के जाये, नृपति समुद्र विजय सुख पाये।
हरि के अनुज नाथ कहलाये, यादव वंश दिपाने वाले ॥१॥
आप आयुध शाला में जाय, दिया पंचानन शंख बजाय।
भगे सुन वासुदेव महाराय, त्रिखंडी नाथ कहाने वाले ॥२॥
देख कर सहसा नेमि कुमार पड़े गिरिधर अचरज मंझारे
प्रभु ने उनका जान विचार, बने भुज दण्ड बढ़ाने वाले ॥३॥
कहा 'माधव'! सुनलो यह बात! झुकादो आप हमारा हाथ,
लटके बाहू पर यदुनाथ, नाथ! हरि को शरमाने वाले ॥४॥
कृष्ण ने अतुल जान बलवान चढ़ाई आडम्बर से जान।
टेर सुन पशुओं की भगवान, नार राजुल छिटकाने वाले ॥५॥
चढ़ें गिरिनार हमारे स्वामी तीर्थंकर बन शिव गति पामी।
'सूरजभानु' मोक्ष का कामी गुरु निर्ग्रन्थ, सिखाने वाले ॥६॥
भज मन 'नेमिनाथ' भगवान दया का पाठ पढ़ाने वाले ॥मिलव॥

माग) २१ (मास

पार्श्व

(तर्ज—म्हारे मैं तो दरद दिवानी, मारा, दरद न, जाने कोय)

मन में आप बसो प्रभु ! पारस नाथ जिनंद ॥ ध्रुव ॥

रोम रोम में रमिये स्वामी;
ज्यों फूलन में गंध ॥ मन में० ॥ १ ॥

अंग अंग में प्रेम रंग हो;
ज्यों भृंगन मकरंद ॥ मन में० ॥ २ ॥

विषय संग आसंग न होवे;
ज्यों जल में अरविंद ॥ मन में० ॥ ३ ॥

नाग नागिनी देव बनाये;
'पद्मावति' धरणिन्द ॥ मन में० ॥४॥

कमठा सुर उपसर्ग मचाये;
डिगे न ज्यों मंघाकिन्द ॥ मन में० ॥५॥

'अश्वसेन' 'वामा' के नंदन,
'सूर्य भानु' सुख कंद ॥ मन में० ॥ ६ ॥

मन में आप बसो प्रभु ! पारस नाथ जिनंद ॥ मिलन ॥

सिह] २४ महावीर [स्वर्ण वर्ण

(तर्ज आशावरी ताल धमाल)

मैं तो आयो शरण तुम्हारी, वीर प्रभु! दीनों के हितकारी ।ध्रुव।
'चंडकोशि' को नाथ उधारा महा परीषह भारी,
अर्जुन माली था महा पापी, पहुंचा मोक्ष मंझारी ॥१॥
पावांपुरी में समवसरण की, सुन्दर छटा निराली;
गौतम प्रमुख इग्यारह पंडित, करण विवाद विचारी ॥२॥
इन्द्र जालिया कहते २ आये बारी बरी,
मनका संशय दूर निवारी, किये महाव्रतधारी ॥ ३ ॥
आनंदादिक श्रावक तारे, चंदन बाला नारी,
धन्ना शालि भद्र उद्धारे, अति महिमा विस्तारी ॥ ४ ॥
धरम नाम पर पशु हिंसा, करते थे घोर अनारी,
परम धरम का मरम बताया, धन्य दया अवतारी ॥ ५ ॥
शूद्र जनों को अधिक सताते थे जब अत्याचारी,
हरि केशी आदर्श बनाये, किये मोक्ष अधिकारी ॥ ६ ॥
तारे तात सिद्धारथ राजा, अरु त्रिसला महतारी
ऐसे आप अनेकों तारे, अबकी हमारी बारी ॥ ७ ॥
शासन के सरदार निहारो, दर पर खड़ा भिखारी,
अब स्वामी मत देर लगाओ, सूर्य भानु बलिहारी ॥ ८ ॥
मैं तो आयो शरण तुम्हारी, वीर प्रभु दीनों के हितकारी। मि॰

मंगल

(छंद—कुंडलियां)

१९ ९१

सम्वत सहस्र विक्रमी, कार्तिक का था मास,
दीपावलि के शुभ दिवस उदित हुआ उल्लास।
उदित हुआ उल्लास, 'भक्ति प्रभु की सुखदाई',
यही समझ कर 'सूर्य भानु' चौपाई गाई।
नित प्रति तीनों काल, पढ़ेंगे जो नर नारी,
सिद्ध लोक के निश्चय, होंगे अधिकारी ॥१

(दोहा)

गुरु निर्ग्रंथों की कृपा, पाया सत्य विवेक,
सकल चतुर्विध संघ को, भेंट करी है एक ॥२॥

श्री जिन भक्ति

द्वितीय खण्ड

१

सपूर्ण-जिन-भक्ति

(तर्ज—होली, दुमरकी, "अब मदन देश पधारो रसिया")

मिल भाओ, रे, चोवीस जिन ध्याओ मिल भाओ ।धुव।
ऋषभ अजित संभव अभिनन्दन;
सुमतिनाथ के गुण गाओ; मिल० ॥१॥
शीतल जिन सिरियंस सुमिर लो,
वासु पूज्य भज सुख पाओ; मिल० ॥२॥
विमल अनंत धर्म तीर्थंकर;
शांति नाथ को सिर नाओ मिल० ॥३॥
कुंथु अरह मल्ली मुनि सुव्रत,
नमि नेमि मत बिसराओ मिल० ॥४॥
पारसनाथ वीर प्रभु स्वामी,
जिन शासन में हुलसाओ; मिल० ॥५॥
गुरु निर्ग्रन्थ देव बतलाया,
'सूर्यभानु' शरणे आओ, मिल० ॥६॥
मिल भाओ र चोवीस जिन ध्याओ, मिल भाओ ॥मिलजा॥

२

संपूर्ण-जिन-भक्ति

(तर्ज काली कमली वाले तुम पर लाखों सलाम)

तन मन तुम पर वारे, मेरेप्यारे जिनंद, मेरे प्यारे जिनंद ५,॥ध्रुव

ऋषभ अजित संभव अभिनंदन;
सुमति पदम सुपारस चंदन ।
दीनो के दुलारे मेरे प्यारे जिनंद ५ ॥ १ ॥

सुविधि सितल सिरियंस मुनीश्वर;
वासु पूज्य सिरि विमल जिनेश्वर।
अनंत नाथ सहारे मेरे प्यारे जिनंद ५ ॥ २ ॥

धर्म, शांति, 'कुंथू, अर स्वामी;
मल्लिनाथ, मुनि सुव्रत नामी।
नेमि नमी रखवारे मेरे प्यारे जिनंद ५ ॥३॥

पार्श्वनाथ सिरि महावीर प्रभु;
ग्यारह गणधर विहर मान विभु ।
ये सब धर्म सितारे मेरे प्यारे जिनंद ५ ॥४॥

अजर, अमर, अखिलेश, निरंजन,
मुनिमन रंजन, भवदुख भंजन ।
सिद्ध सुपद को धारे मेरे प्यारे जिनंद ५ ॥५॥

उपाध्याय आचार्य हमारे,
सकल संत जन धर्म दुखारे।
पाँचों पद विस्तारे मेरे प्यारे जिनंद ॥ ६ ॥
गुरु निर्ग्रंथों ने सिखलाया,
यों नवकार मंत्र बतलाया।
"सूर्य भानु" स्वीकारे, मेरे प्यारे जिनंद ॥७॥
तन मन तुम पर वारे मेरे प्यारे जिनंद मेरे प्यारे जिनंद ॥

३

सपूर्ण-जिन भक्ति

(तर्ज—अल्ला हू अल्ला हां)

मेरे तो सहारे जिनवर हैं, जिनवर हैं ३ ॥ ध्रुव ॥

ऋषभ अजित संभव अभिनन्दन,
सुमति पद्म सुपारस चंदन ।
दीनो के दुलारे जिनवर हैं३ ॥१॥

सुविधि सितल सिरि यंस जिनेश्वर,
वासु पूज्य सिरि विमल मुनीश्वर ।
अनंत शिवपुर वारे जिनवर हैं३ ॥२॥

धर्म शांति कुंथु अर स्वामी,
मल्लिनाथ मुनि सुव्रत नामी ।
नेमि नमिश्वर प्यारे जिनवर हैं३ ॥३॥

पार्श्वनाथ सिरि महावीर प्रभु
ग्यारह गणधर विहरमान विभु ।
ये शासन रखवारे जिनवर हैं३ ॥४॥

अजर अमर अखिलेश निरंजन,
मुनि मन रंजन भव दुःख भंजन ।

सिद्ध सुपद को धारे जिनवर हैं२ ॥५॥

उपाध्याय आचार्य हमारे,
सकल संघ जन धर्म दुलारे।
पांचों पद विस्तारे जिनवर हैं२ ॥६॥

गुरु निर्ग्रन्थों ने सिखलाया
यह नमस्कार मन्त्र बतलाया
'सूरज भानु' हमारे जिनवर हैं२ ॥७॥

४

सिद्ध-जिन

(तर्ज-होली)

सिद्ध पद ध्याओ रे भविजन, सच्चा आनंद मनाओ, रे,
सिद्ध पद ध्याओ, रे ॥ ध्रुव ॥
पांचों विषयों में रचि पचि क्यों अपनी शान गंवाओ रे
परमारथ पाकर सांसारिक दुख हटाओ रे ॥ सिद्धपद० १ ॥
चंचलता को दूर निवारो, निश्चल मन बन जाओ रे;
दर्पण सम चित मांहि, ब्रह्म का रूप लखाओ रे ॥२॥
आगम वेद पुरान शास्त्र का सार समझ गुण गाओ रे,
आत्म गुणों का अनुभव कर के, लगन लगाओ रे ॥ ३ ॥
दर्शन ज्ञान अनन्त अटल संस्थान अतुल बल पाओ रे
निराकार लघु गुरू विहीन; गुण को प्रकटाओ रे ॥४॥
निर्विकल्प, निर्लेप, निरामय, निर्मल तम कहलाओ रे,
'सूर्य भानु' गुरु निर्ग्रन्थो पर प्रेम जमाओ रे ॥ ५ ॥
सिद्ध पद ध्याओ रे भविजन सच्चा आनंद मनाओ रे,
सिद्ध पद ध्याओ रे ।

५

सिद्ध जिन

(तर्ज—आ, आ, आ दिल जान, भर २ जाम पिला गुलफाम
बनादे मतवाला)

जय जय जय भगवान—
अजर अमर अखिलेश निरंजन जयति सिद्ध भगवान ॥ध्रुव

अगम, अगोचर, तू अविनाशी,
निराकार, निर्भय सुख—राशी।
निर्विकल्प, निर्लेप निरामय निष्कलंक निष्काम ॥ जय० ॥१

कर्म न काया मोह न माया,
भूख न तिरखा रंक न राया।
एक स्वरूप अनूप अगुरुलघु निर्मल ज्योति महान ॥जय०२

हे, अनन्त ! हे, अंतरयामी;
अष्ट गुणों के धारक स्वामी।
तुम बिन दूजा देव न पाया त्रिभुवन से उपराम ॥जय०॥३॥

गुरु निर्ग्रंथो ने समझाया;

सच्चा, प्रभु का, रूप बताया।

अब तुम में ही मिल जाऊँ मैं ऐसा दो वरदान ॥जय०॥४॥

'सूर्य्य भानु' है शरण तुम्हारी

मेरी करना प्रभु रखवारी ।

मुझ में तुझ में भेद न पाऊँ, जय २ कृपानिधान ॥जय०॥५

जय...जय...जय भगवान–अजर अमर अखिलेश निरंजन

जयति सिद्ध भगवान ॥ मिलत ॥

सिद्ध जिन

(तर्ज—आखिर नार पराई है)

मेरे मन में आना रे, अपना रूप दिखाना रे ॥ ध्रु ॥

जब मैं तेरा ध्यान लगाऊँ;
बस तुझ को ही तुझ का पाऊँ।
ऐसी लगन लगाना रे अपना० ॥ १ ॥

तन मन धन तुम पर विसराऊं;
तेरा ही प्रभु ! अंश कहाऊं।
ज्योति में ज्योति मिलाना, रे, अपना० ॥ २ ॥

तेरी है प्रभु अकथ कहानी,
हारे ब्रह्मा विष्णु भवानी।
निर्गुण को समझाना रे, अपना० ॥ ३ ॥

सोई ब्रह्म नित्य अविनाशी,
अशरण-शरण, सदा सुखराशी।
जन्म रू मरण मिटाना, रे, अपना ॥ ४ ॥

गुरु निर्ग्रन्थ ज्ञान बतलाया,
"धन्य मानु" ने भजन सुनाया।
निर्भय पद पहुँचाना रे, अपना० ॥ ५ ॥

मेरे मन में आना, रे, अपना रूप बताना, रे, ॥ मिलना॥

७

देव

(तर्ज—पितु मातु सहायक स्वामि सरन तुमही इक नाथ हमारे हो)

जिन-पति, जिन-वर, जगदीश, नाथ, तुमही, इक इष्ट हमारे हो
अज, अजर, अमर, अखिलेश, निरंजन, भव-भय-भंजन हारे हो॥ ध्रु.

शुभ गुणागार धरमावतार, जग-जीवन, प्राण हमारे हो,
महिमा तुम्हार, पावै न पार, सुरगुरु सरिसहु बुध हारे हो॥ १

कर काम क्रोध मद लोभ हान, शुभ शुक्ल ध्यान को धारे हो;
करुणा निधान, संपूर्ण ज्ञान की संपति के अधिकारे हो॥ २

कर क्षीण मोह अरु द्रोह कर्म-संदोह विदारन हारे हो,
भय-कारि भवोदधि मांहि परै, जीवों के एक सहारे हो॥ ३

जँह लौ आकाश अवस्थित है, तंह लौ महिमा विस्तारे हो;
श्री सकल संघ के "सूर्य्यभानु" तुमही इक रच्छन हारे हो॥ ४

जिन-पति जिनवर जगदीश नाथ तुम ही इक इष्ट हमारे हो,
अज, अजर, अमर, अखिलेश, निरंजन, भव भय-भंजन हारे हो

अक्षय ज्ञान सुधा-निधि, दूषण गण से रहित गिरा गुण खान।
वृंदारक-पति-पूजित, मंगल मय हों सदा वीर भगवान॥

———

८

गुरु

तर्ज—गजल बाम चमाल, अगर हम बागवां होते तो गुलशन

पंच आचार के स्वामी, धन्य गुरुदेव उपकारी ॥ ध्रुव ॥
पंच इन्द्रिय विजय कर के, हुए जो विषय के त्यागी,
जो नवविधि शील के धारी, धन्य गुरुदेव उपकारी ॥ १ ॥
चतुर्विध तज कषायों को, बने संयम के अनुरागी;
करें शासन की रखवारी, धन्य गुरुदेव उपकारी ॥ २ ॥
त्रिगुप्ती युक्त पाँचों महाव्रतों को शुद्ध जो पालें,
विमल श्रुत ज्ञान है भारी धन्य गुरुदेव उपकारी ॥ ३ ॥
आहार निर्दोष लाते हैं, बयालिस दोष को टाली,
वाणि जिनराज की प्यारी, धन्य गुरुदेव उपकारी ॥ ४ ॥
भजो निर्ग्रन्थ गुरुओं को, सकल श्री संघ हितकारी,
यह 'सूरजभानु' बलिहारी, धन्य गुरुदेव उपकारी ॥ ५ ॥
पंच आचार के स्वामी, धन्य गुरुदेव उपकारी ॥ मिलत ॥

पाप-पराग पुंज प्रणाशक पावक पावन पुण्य प्रधान
होवें मंगल रूप निरन्तर, सद्गुरु सर्वे-दया-निधान ॥

६

धर्म

(तर्ज—पहाडी धुन हमारे वशी वाले से नाहिं बनेगी)

धरम है हमारा औ हम हैं धरम के ॥ ध्रुव ॥

समझे जग के सुख सब ठग हैं।

ठगाये गये हम मारे करम के ॥धरम०॥१॥

रीझे हुए थे मनोहर तन पै,

भरे मांस मज्जा रुधिर औ चरम के ॥धरम०॥२॥

पा गये वस्तु हमारी हमी में;

फिरते फिरे, मारे मारे भरम के ॥धरम०॥३॥

गुरु निर्ग्रन्थ मिले उपकारी;

सुनाये वचन हमको पूरे मरम के ॥धरम०॥४॥

मोहनींद से तब हम जागे,

सुन्न हुए अब मारे शरम के ॥धरम०॥५॥

'सूर्य भानु' अनुभव प्रकटाये;

जान गये गुण पुरुष परम के ॥धरम०॥६॥

धरम है हमारा औ हम हैं धरम के ॥ध्रुव॥ मिलत॥

जन्म मरण दुख जगत में, जागो रे मति मान।

'सूर्यभानु' आराध लो, जैन धर्म गुण खान ॥

१०

जिन-वाणी

(तर्ज—सुखकर दुख हर प्रणत पाल प्रभु जय रघुराई जय जय)

जय कल्याणी, जय सुखदानी, जय जिनवाणी, जय, जय ॥ध्रु०

महावीर मुख कमल प्रकाशी,
सुमिरत सब दुख जावे नाशी ।
नमस्कार सौबार करूं मैं जय गुण-खानी जय, जय ॥१॥

स्याद्वाद गल हार विराजै,
सप्तभंगी नय भूषण भ्राजै ।
माला दया धर्म की साजै, जय जग-मानी जय, जय ॥२॥

तेरे लिये देव गण तरसें,
तीर्थंकर मुख अमृत बरसे ।
